# आपातकाल को लेकर भाजपा को अब काला दिवस मनाने का नहीं है हक-हंसूराम विधायक बिल्थरारोड

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया।** उत्तर-प्रदेश के बेल्थरारोड सुभासपा विधायक हंसू राम ने कहा कि लोकतंत्र में आज किसी को सच बोलने की आजादी नहीं रह गई है। सच बोलने वालों के इतिहास खंगाले जा रहे है और परेशान किया जा रहा है। लोकतंत्र और संविधान दोनों ही आज खतरे में है। ऐसे में बीजेपी को 1975 के आपातकाल को लेकर काला दिवस मनाने का कोई हक नहीं है। मीडिया से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को देश में कांग्रेस सरकार द्वारा लगाया गया आपातकाल लोकतंत्र के लिए दुखद था। जिनका हम कभी समर्थन नहीं करते है। लेकिन वर्तमान में भाजपा सरकार में चल रहे अघोषित इमरजेंसी के हालात भी दुखद है। किसी को सही बोलने की आजादी नहीं रह गई है। बुल और बुल्डोजर की सरकार में लोकतंत्र पर सीधे कुठाराघात हो रहा है। आज संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। अपनी बात कहने वालों को घेरा जा रहा है। पुराने रिकार्ड खंगाले जा रहे है और उन्हें परेशान किया जा रहा है। विधायक हंसू राम ने आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव के जीत का दावा किया। विधायक ने कहा कि आजमगढ़ सपा का गढ़ रहा है और रहेगा। भाजपा सिर्फ सत्ता के मद में है। यह चुनाव जनता का है और जनता इस सरकार से त्रस्त है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य राजनाथ सिंह, संजय यादव, मो शिब्बू, शिव कुमार राजभर, हरेंद्र राजभर, पननलाल राजभर, बनारसी भारती समेत अनेक लोग मौजूद रहे।



# महाप्रबंधक व मण्डल रेल प्रबंधक ने गोरखपुर-औड़िहार- छपरा रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग का किया निरीक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया।** महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे श्री अनुपम शर्मा ने आज को गोरखपुर स्टेशन से निरीक्षण विशेष गाड़ी से रवाना होकर गोरखपुर-औड़िहार- छपरा रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण श्री राजीव कुमार एवं वाराणसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय, अपर मंडल रेल प्रबंधक(प्रशा)श्री राहुल श्रीवास्तव,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(समन्वय) श्री राकेश रंजन, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री त्रयम्बक तिवारी, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण श्री पकंज केशरवानी एवं वरिष्ठ पर्यवेक्षक गण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबन्धक अनुपम शर्मा ने वाराणसी मंडल पर चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा एवं रेल परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरीक्षण विशेष गाड़ी से रवाना होकर विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुये देवरिया सदर,भटनी,इंदारा,मऊ, औड़िहार, गाजीपुर सिटी,बलिया एवं सुरेमनपुर होते हुए छपरा जं रेलवे स्टेशन पहुंचे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबन्धक ने गोरखपुर-औड़िहार -छपरा रेल खण्ड के विभिन्न स्टेशनों पर दोहरीकरण से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा करते हुये स्टेशनों पर समुचित संसाधनों यथा पैदल उपरिगामी पुल, 24 कोचों के अनुरूप हाई लेवल




प्लेटफॉर्म, स्टेशन पर विद्युत प्रकाश, हाईमास्ट लाइट के प्रावधान, पीने के पानी हेतु वाटर बूथ ,शौचालय, दिव्यांग यात्रियों हेतु रैम्प बनाने, मानक के अनुसार स्टेशनों पर यात्री सुविधा के विकास कार्य निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किये जाने का निर्देश दिया निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक श्री अनुपम शर्मा औड़िहार-छपरा रेल खण्ड पर दोहरीकरण समेत विकास कार्यो के निरीक्षण के दौरान बकुलहाँ एवं माँझी स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण के निमित्त किमी सं 17/0 से 18/02 पर निर्माणाधीन मेजर ब्रिज संख्या 16 के एक्सटेंशन का गहन निरीक्षण किया, कार्य प्रगति की समीक्षा की और पाइलिंग का कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। महाप्रबन्धक अनुपम शर्मा अपने निरीक्षण यान से रियर विंडो ट्रेलिंग के दौरान रेलवे ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग की और इस खण्ड के स्थाई एवं अस्थाई सतर्कता आदेशों का संज्ञान लेते हुए छपरा जं तक का सफर पूरा किया। उन्होंने संरक्षा के दृष्टिकोण से गोरखपुर-औड़िहार-छपरा जं तक विन्डोट्रेलिंग निरीक्षण कर इस रेल खण्ड के रेलपथ, ओवर हेड ट्रैक्शन, कलर लाइट सिगनल, सूचना/ चेतावनी बोर्ड , यात्री सुख-सुविधाओ एवं छपरा-बलिया के मध्य चल रहे दोहरीकरण कार्य की समीक्षा की। महाप्रबन्धक श्री शर्मा ने औड़िहार -छपरा रेल खण्ड पर पड़ने वाले विभिन्न स्टेशनों पर समुचित यात्री सुख-सुविधाओं के प्रबंधन समेत सार्वजनिक शौचालय एवं स्टेशनों पर पेयजल की निर्बाध आपूर्ति तथा स्टेशनों पर स्वच्छता सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में निर्देश दिया। इस आशय की जानकारी पंकज कुमार सिंह मुख्यजनसम्पर्क अधिकारी गोरखपुर व पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी के जनसंपर्क अधिकारी अधिकारी अशोक कुमार ने दी।

# प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल संवाद देखने,सुनने को उमडी भीड़

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** गरीब कल्याण सम्मेलन कार्यक्रम के अन्तर्गत देश स्तर पर प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेन्द्र मोदी जी एवं व प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभाथियों के साथ वर्चुअल संवाद कार्यक्रम का आयोजन जनपद



मुख्यालय पर तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार एवं विकास खण्डों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गुप्ता, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, डीसी एन0 आर0एल0एम0 एन0एन0 मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा मुदित सिंह, ई-डिस्ट्रिक मैनेजर पुष्पेन्द्र व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थीगण, जनप्रतिनिधिगण एवं जन सामान्य ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण कार्यक्रम को देखा एवं सुना। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण और शहरी दोनो), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण एवं शहीर दोनो), जल जीवन मिशन और अमृत, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना एवं उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजनाओं के लाभार्थी सम्मिलित हुये। इस दौरान शिमला से मा0 प्रधानमंत्री जी ने देश के 10 करोड़ किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की 11वीं किस्त की धनराशि का आनलाइन माध्यम से हस्तांतरित किया। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान जनपद प्रतापगढ़ की विद्युत सखी प्रियंका यादव से लखनऊ संवाद किया भी किया। कार्यक्रम में डीसी एन0आर0एल0एम0 ने बताया कि जनपद की 158 विद्युत सखियों ने सक्रिय होकर पास मशीन के माध्यम से 52 लाख 69 हजार 996 रूपये के बिजली बिल की वसूली की है जिसके सापेक्ष विद्युत सखियों ने 1 लाख 16 हजार 648 रूपये का कमीशन प्राप्त किया है। विद्युत सखी प्रियंका यादव द्वारा 10 लाख रूपये तक का बिजली का बिल जमा कराया गया है।

# पीएम मोदी के वाराणसी मे बांग्लादेश के रेलमंत्री दो दिवसीय दौरे पर मंडल रेल प्रबंधक ने स्मृति चिह्न देकर किया स्वागत

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया/वाराणसी।** देश के लोकप्रिय पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी मे आज सोमवार को बांग्लादेश के रेलमंत्री नुरुल इस्लाम सुजान अपने दो दिवसीय दौरे पर सायँकाल बनारस स्टेशन पहुँचे।बांग्लादेश के रेलमंत्री नुरुल इस्लाम सुजान भारत के सात दिवसीय दौरे पर है आज रेलमंत्री इस्लाम दोपहर में विशेष ट्रेन से रायबरेली से रवाना होकर बनारस स्टेशन के प्लेटफार्म 08 पर शाम 6:30बजे उतरे। रेलमंत्री बांग्लादेश के आगमन के अवसर पर उनकी अगवानी करते हुए रामाश्रय पाण्डेय मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी द्वारा उन्हे पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन पूर्वोत्तर रेलवे एवं उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित



थे। रेलमंत्री श्री नुरुल इस्लाम ने अपने आगमन के साथ ही अपने दस सदस्यीय दल को लेकर बनारस स्टेशन के भव्य स्वरूप,स्टेशन के इन्फ्रास्ट्रक्चर, विश्वस्तरीय साज-सज्जा एवं यात्री सुख-सुविधाओं का अवलोकन किया और सराहना की अशोक कुमार जनसंपर्क अधिकारी वाराणसी के अनुसार बांग्लादेश के रेलमंत्री रेल पटरियों के मानीटरिंग के लिए बने विशेष निरीक्षण यान से लखनऊ से रायबरेली तदुपरांत बनारस पहुँचें।इस दौरान उन्होंने भारतीय रेलवे के ट्रैक मेंटेनेंस,परिचालन एवं सिगनल तकनीकी का संज्ञान लिया और रेल कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का अध्ययन किया। कल रेलमंत्री बनारस लोको मोटिव वर्कशॉप का निरीक्षण करेंगे और बांग्लादेश की आवश्यकताओं एवं गेज मानकों के अनुसार इंजन के उत्पादन के सम्बंध में अधिकारियों से विमर्श करेंगे।

## दिल्ली-हावड़ा मेन लाइन से जुड़ जाएगी पूर्वांचल की बड़ी आबादी

**गाजीपुर।** दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग के दिलदारनगर जंक्शन से वाराणसी-बलिया के गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन को जोडे का काम अंतिम चरण में है, जिसकी लंबाई 14 किलोमीटर है। इसमें गंगा पर बन रहा रेल सह सड़क पुल भी है। यह प्रथम चरण का काम है, दूसरे चरण में 37 किलोमीटर रेललाइन बिछाई जाएगी।

# जनसम्पर्क विभाग,पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया/वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी समीर पॉल के नेतृत्व में मंडल कार्यालय वाराणसी के प्रेमचंद सभागार कक्ष में आयोजित एक सादे समारोह में 31मई 2022 मंगलवार को सेवानिवृत्त सम्मानित किया। मंडल वित्त प्रबंधक राजेश कुमार ने सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को उनके समापक के भुगतान का सर्टिफिकेट एवं सेवा मेडल प्रदान किया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अग्रिम जीवन हेतु शुभकामनाएं देते हुए मंडल वित्त प्रबंधक राजेश कुमार ने कर्मचारियों की लम्बी एवं उल्लेखनीय सेवा के लिए आभार व्यक्त विभाग के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों के परस्पर सामंजस्य एवं कठिन परिश्रम के फलस्वरूप संभव हो पा रहा है। सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनाएँ देते हुए मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक मिश्रा ने सेवानिवृत कर्मचारियों को आई कार्ड ,सेवा प्रमाण पत्र एवं पीपीओ सम्बन्धी सभी दस्तावेजों के विषय अनुसार 31 मई, 2022 को सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों में अखिलेश तिवारी वाणिज्य अधी,राधेश्याम पाण्डेय मुटिनि, राधेश्याम यादव/ मुटिनि, पारस नाथ/हमाल, दान बहादुर यादव प्र0 गॉर्ड, सुरेंद्र सिंह स्टेशन अधीक्षक, रामवृक्ष लाल स्टेशन अधीक्षक, कमला प्रसाद विश्वकर्मा- गेटमैन, खुर्शीद अहमद



होने वाले कुल 24 कर्मचारियों को उनके समापक धनराशि कुल आठ करोड़ पचासी लाख पैतालीस हजार सात सौ पैंसठ रूपये (रु 8,85,45,765 ) का भुगतान किया गया। इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक मिश्रा ,मंडल वित्त प्रबंधक राजेश कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी,रमेश उपाध्याय समेत लेखा एवं कार्मिक विभाग के निरीक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक मिश्रा ने सभी सेवानिवृत होने कर्मचारियों को माला पहनाकर किया। उन्होंने कहा कि सेवाकाल के उपरांत कर्मचारियों को मिलने वाला यह धन उनके जीवन भर के परिश्रम की कमाई है।इस लिए बहुत सूझ-बुझ कर ही इसका व्यय करें। उन्होंने कहा कि आप सभी स्वस्थ्य रहें तथा अपने रूचि अनुसार सामजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपना समय लगाये ऐसी मेरी शुभकामना है। वाराणसी मंडल विगत वर्षो से सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को उनके सभी प्रकार के देयों का सम्पूर्ण भुगतान उनके सेवानिवृति के दिन ही किया जा रहा है,यह लेखा एवं कार्मिक में विस्तार से बतलाया और उनको समझाया कि वे अपनी प्राप्तियों का बहुत सोच समझ कर उपयोग करें और किसी व्यक्ति या संस्था के बहकावे अथवा भावनाओं में इसे अनुचित व्यक्ति को नहीं देंगे। उन्होंने बताया बहुत से लोग ऐसे अवसरों के तलाश में रहते हैं और तरह तरह के प्रलोभन देकर धन फंसा देते है ।सतर्क रहें यह आपके जीवन की पूंजी है बहुत आवश्यक हो तभी खर्च करें यथा संभव अपनी प्राप्तियों को सुरक्षित रखने का प्रयास करें। अशोक कुमार जनसंपर्क अधिकारी वाराणसी के लोपा, अदालत तकनीशियन , मो सगीर तकनीशियन, प्रेमचंद्र राम ई इस एम,हरेंद्र कुमार यादव एम सी एम, चतुरी प्रसाद/एम सी एम,श्रीमती शशि कला सिंह मु0 मैट्रन, श्रीमती वीना सिंह मु0 मैट्रन , श्याम लाल राम सफाई वाला, अख्तर हुसैन ट्रैकमेंटेनर, श्याम नारायण राम ट्रैकमैन, शिव नारायण मंडल गेटमैन, राम ललित सिंह ट्रैकमेंटेनर, भरत प्रसाद, ट्रैकमेंटेनर, शिवनाथ, ट्रैकमेंटेनर,तथा शिवराम, वाल्बमैन रहे।

# देश के ठरेल मदद ऐप' से मामले की निस्तारण में पूर्वोत्तर रेलवे को मिला सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया/गोरखपुर।** भारत सरकार के रेलमंत्री अष्विनी वैष्णव ने 67वें राष्ट्रीय रेल पुरस्कार समारोह की 2022 के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में 'रेल मदद ऐप' के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण करने संबंधी मामले में देश के भारतीय रेल की सभी जोनों में पूर्वोत्तर रेलवे ने प्रथम स्थान पाकर सर्वश्रेष्ठ की तगमा हासिल करने मे एक बड़ी सफलता प्राप्त किया है। ऐसे मे पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक अनुपम शर्मा एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक संजय मिश्र रेलमंत्री ने ठरेल मदद शील्ड' प्रदान कर उन्हे सम्मानित किया। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे के 6 अधिकारियों कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में उप महाप्रबन्धक सामान्य कृष्ण चन्द्र सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर रण



विजय प्रताप, टेकिनषियन ग्रेड-।।। राम प्रीत, इलेक्ट्रिकल सिगनल मेन्टेनर ग्रेड-। वेद प्रकाष, निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल, अनिरूद्ध राय, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/कार्य मनीष यादवों सम्मिलित है। इन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तकनीकी उनन्यन, खर्चों में मितव्ययिता हेतु प्रभावी कदम, उत्पादन में सुधार आदि कार्य के साथ ही गाड़ी संचलन,सुरक्षा एवं संरक्षा में सराहनीय योगदान, उत्कृष्ट अनुरक्षण एवं संसाधनों के बेहतर उपयोग लिये रेल मंत्री द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया है। ज्ञातव्य है कि पूर्वोत्तर रेलवे ने वर्ष 2021-22 में रेल मदद पोर्टल पर कुल 39,087 शिकायत प्राप्त किया तथा सभी का निस्तारण समय से किया गया। 39,087 शिकायतों के निस्तारण के उपरान्त यात्रियों से कुल 17,605 फीड बैक प्राप्त हुए, जिनमें से 11,766 फीड बैक उत्कृष्ट रहें अर्थात कुल 66.83 प्रतिशत उत्कृष्ट रहा। रेलवे यात्री शिकायत निवारण और प्रबन्धन प्रणाली 'रेल मदद ऐप' यात्रियों को मोबाइल फोन या वेब के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की अनुमति देता है साथ ऐप में फोटो अपलोड करने का भी विकल्प है। एक बार जब यात्री अपनी षिकायत दर्ज कर लेता है, तो उसे भारतीय रेलवे द्वारा की गयी कार्यवाही के बारे में सूचित करने हेतु एस.एम.एस. के माध्यम से एक त्वरित आई.डी. प्राप्त होती है साथ ही 'रेल मदद ऐप' यात्रियों को उनकी षिकायतों के निवारण की स्थिति पर रीयल टाइम फीड बैक देता है। इस ऐप पर विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर प्रदर्शित होता है जैसे- चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर, सुरक्षा नम्बर तथा इसके अतिरिक्त एक आसान चरण में तत्काल सहायता के लिये सीधे काल करने की सुविधा भी प्रदान करता है। पंकज कुमार सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी मिडिया को बताया कि इटरनेट के इस युग में अब रेलवे तक अपनी शिकायत पहुॅचाना बेहद आसान है। इसके अलावा आप अन्य किसी भी प्रकार की शिकायत इसके जरिए कर सकते है। यात्रा के दौरान यात्री पानी, बिजली और साफ-सफाई के लिये शिकायत दर्ज करा सकते है। इसके लिये यात्री को एक ऑन लाइन फार्म भरना होता है, जिसमें शिकायत संबंधी विवरण, घटना की तारीख, कर्मचारी का नाम, घटना स्थल इत्यादि की जानकारी देनी होती है।यात्री इसमें अपनी शिकायत विस्तृत रूप में लिख सकते है।

# विश्व दुग्ध दिवस 2022 का विषय डेयरी क्षेत्र में स्थिरता

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** (विश्व दूध दिवस ) विश्व दुग्ध दिवस 1 जून को पूरे विश्व में मनाया जा रहा है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दूध के संबंध में लोगो का ध्यान आकर्षित करना एवं दूध उद्योग से जुड़ी गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के लिए अवसर प्रदान करना है। इस उत्सव में वर्ष दर वर्ष भाग लेने वाले देशों की संख्या बढ़ती ही चली जा रही है। पूरे विश्व भर में दूध और दुग्ध उद्योग से संबंधित क्रिया-कलापों को प्रचार-प्रसार में हर वर्ष ध्यान केन्द्रित करने के लिये इसे विश्व दुग्ध दिवस के रूप मैं मनाया जाता है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्सव संबंधित क्रिया-कलापों को आयोजित करने के द्वारा इस उत्सव का राष्ट्रीयकरण किया जा रहा है। पूरे जीवन भर सभी के लिये दूध और इसके उत्पादों के महत्व के बारे में लोगों में जागरुकता बढ़ाने के लिये इसे मनाया जाता है। भारत में सबसे पहले भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान इज्जत नगर बरेली में दुग्ध दिवस मनाया गया इसमें प्राकृतिक वातावरण को मानवीय रखते हुए इस थीम को रखा गया और संपूर्ण बरेली क्षेत्र में संस्थान के द्वारा लोगों को दूध बांटा गया और दूध के प्रति जागरूक किया गया , भारत की अर्थव्यवस्था में पशुधन का महत्व विभिन्न तरह से है भारतीय अर्थव्यवस्था में पशुधन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लगभग 20.5 मिलियन लोग अपनी आजीविका के लिए पशुधन पर निर्भर हैं। छोटे ग्रामीण परिवारों की आय में पशुधन का योगदान 16ॿ था, जबकि सभी ग्रामीण परिवारों का औसत 14ॿ था। पशुधन ग्रामीण



समुदाय के दो-तिहाई लोगों को आजीविका प्रदान करता है। यह भारत में लगभग 8.8ॿ आबादी को रोजगार भी प्रदान करता है। भारत में विशाल पशुधन संसाधन हैं। पशुधन क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पाद का 4.11ॿ और कुल कृषि जीडीपी का 25.6ॿ योगदान है।दुनिया में सबसे अधिक भैंस की आबादी भारत में है में दुनिया का सबसे अधिक पशुधन भारत मैं है जो कि 535.78 मिलियन है। देश में गाय की संख्या सबसे अधिक है जो कि 192.49 मिलियन, भैंस 109.85 मिलियन हैं बकरियों की आबादी 148.88 मिलियन हैं। और भेड़ 74.26 लाख है अगर भविष्य को ध्यान रखते हुए हम प्राकृतिक खेती की तरह जाये तो देश की आम जनता को फ़र्टिलाइज़र युक्त खेती से निजात मिल सकती है जिस तरह उत्तर प्रदेश में आज बहुत से सामाजिक संघठन और कृषि विभाग द्वारा गौ आधारित खेती पर प्रशिक्षण दिया जा रहा जो की बहुत ही सहा रणीय है अगर आज हमारा जल थल और वायु स्वच्छ होगा तो हमारे आस पास का माहौल भी बहुत शुद्ध होगा और हमारे पशुओ को भी स्वच्छ बतावरण में रहने पर बहुत सारे रोगों से लड़ने की छमता व निजात मिलेगा, आज पर्यावरण के वेश्विक स्तर पर बात करे तो बहुत ही नाजुक हालत में सम्पूर्ण संसार गुजर रहा है और हमें अपने आस पास के जितने भी नदी तालाब एनिकट जहाँ जल का भंडार होता हो उनका बिशेष कर ध्यान रखना होगा जिससे की हमारी गौ आधारित खेती और प्रकृति के बीच समावेश बना रहे भारत सरकार ने हाल ही में घोषणा की थी की देश के हर जिले में 75 नदी, तालाब, बांध, पोखर जैसे स्थान का पुनः जीणीद्धार कराने का कार्य किया जायेगा बरगद के पेड़ को हम पशुपालन व धार्मिक दृष्टि से ले सकते हैं शुद्ध हवा और चारा प्रबंधन में भी उपयोग आयेगा क्योंकि जिस तरह से अशुद्धता के कारण रोगों के प्रति लड़ने की रोग प्रतिरोधक छमता खत्म हो रही है उसमे भी कंही न कंही पर्यावरण के साथ साथ दैनिक जीवन के खान पान का भी असर है और बरगद के पेड़ का हम ग्रामीण परिवेश में चौपाल लगा कर बैठने में भखूबी उपयोग कर सकते है क्यों की बरगद का पेड़ बहुत बिशाल होता है और दूर दूर तक उसकी छाया का एहसास होता है जिससे पर्यावरण भी संतुलन रहता है व पशुओ को स्वच्छ आहार के अलावा भी बतावरण का एहसास होगा और सामाजिक भाई चारा भी बढ़ेगा ये सिर्फ और सिर्फ गो आधारित खेती और प्राकृतिक समावेश के कारण ही हो सकता है और यही इसका अंतिम उपाय है जय हिंद।

# सम्पादकीय

## अब शिवसेना का असली दावेदार कौन है, इसे लेकर एकनाथ शिंदे गुट और ठाकरे गुट में कानूनी संघर्ष शुरू होगा। जाहिर है, सत्ता के लिए वैचारिक भ्रम ने ही उसे यहां ला खड़ा किया है.................

शिवसेना के 56 साल के कदमताल के साक्षी रहे पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी ने पार्टी के पहले चार दशक की गतिविधियों पर शिवसेना-कल, आज और कल नामक शोध प्रबंध लिखा है। करीब एक हजार पन्ने के इस शोध में जोशी ने शिवसेना के साल 2007 तक की गतिविधियों यानी भूतकाल को समेटने का प्रयास किया है। हालांकि उन्होंने शिवसेना के भविष्य पर जान-बूझकर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन कुछ समकालीन नेताओं के मत जरूर प्रकट किए हैं। इस पुस्तक में लिखे तथ्यों से आज की राजनीतिक हलचल की छानबीन की जा सकती है। इस पुस्तक के संदर्भों पर गौर करें, तो आज की शिवसेना और दिवंगत बाल ठाकरे की शिवसेना में बड़ा अंतर साफ दिखाई देता है। मराठी मानुष के हक के लिए बनी शिवसेना राज्य की राजनीति को मोड़ देने वाली रही है, लेकिन वर्तमान में यह पार्टी एक वैचारिक भ्रम की अवस्था में पहुंच गई है। साल 1987 में तत्कालीन शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे ने विले पार्ले विधानसभा उपचुनाव में प्रखर हिंदुत्व की आवाज बुलंद करते हुए कहा था कि 'हिंदुत्व शिवसेना की सांस' है। हालांकि इसके बाद उन्हें मतदान के अधिकार से वंचित कर दिया गया। लेकिन ठाकरे ने हिम्मत से कानूनी लड़ाई का सामना किया और पूरे आत्मविश्वास के साथ राजनीति में हिंदुत्व की अलख जगाए रखी। बाद में 'हिंदुत्व' राष्ट्रीय राजनीति का केंद्रबिंदु बन गया। आज इसी हिंदुत्व के मुद्दे पर शिवसेना दो फाड़ हो गई है। एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार एक समय में बाल ठाकरे की अयातुल्ला खोमैनी से तुलना कर खिल्ली उड़ाते थे, आज वह शिवसेना के संकटमोचक बन गए हैं। यही नहीं, उद्धव ठाकरे की शिवसेना के प्रथम पंक्ति के कुछ नेताओं को भी यह लगने लगा है कि शरद पवार की राजनीतिक सूझबूझ से ही सत्ता और उनके संगठन को बचाया जा सकता है। यह सही है कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ गठबंधन में मिले जनादेश को दरकिनार कर उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर महाविकास आघाड़ी तैयार किया। यह गठबंधन भले ही असांविधानिक नहीं था, लेकिन अनैसर्गिक जरूर था। इस गठबंधन के बाद हिंदुत्व के लिए जानी जाने वाली शिवसेना की काफी फजीहत हुई। विधानसभा में मुख्यमंत्री के रूप में दिए अपने पहले भाषण में उद्धव ठाकरे का सुर बदला नजर आया। इसके कुछ महीने बाद उद्धव ठाकरे हिंदुत्व को लेकर निशाना बनते रहे। खुद उद्धव ठाकरे ने विधानसभा में कबूल किया कि धर्म और राजनीति का मिश्रण शिवसेना की बड़ी चूक साबित हुआ। उसी समय से प्रखर हिंदुत्ववादी विचारधारा के साथ जुड़े पारंपरिक शिवसैनिकों के मन में नई विचारधारा को लेकर शंका शुरू हो गई थी। अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनाने का मार्ग प्रशस्त होने पर माना जाने लगा कि अब हिंदुत्व का मुद्दा खत्म हो गया है। लेकिन हिंदुत्व का मुद्दा देश की राजनीति का केंद्रबिंदु बना रहा। इसके मद्देनजर शिवसेना ने बड़ी सावधानी के साथ हिंदुत्व पर अपना विचार रखना शुरू किया। लेकिन राज्य में उठे हिंदुत्व से संबंधित प्रसंग पर शिवसेना की भूमिका तटस्थ रही। इससे भविष्य की भूमिका को लेकर शिवसेना में द्वंद्व बढ़ने लगा।महाविकास आघाड़ी सरकार में सहभागी होने के बाद शिवसेना को कई मुद्दों पर अपनी विचारधारा से समझौता करना पड़ा। जनसभाओं में कहा जाता रहा कि मेरा हिंदुत्व 'गदाधारी' हिंदुत्व है, लेकिन असल में सरकार बचाने के लिए उसे हिंदुत्ववाद के विरोध पर पली पार्टियों के एजेंडे पर चलना था। उद्धव सरकार के बीते ढाई साल के कार्यकाल में पालघर प्रकरण, अजान स्पर्धा, त्योहारों को लेकर बदली हुई भूमिका, राम मंदिर समेत कई मुद्दों पर बना रुख जैसे कई मामले हुए। उसके अतिरिक्त सत्ता की सुविधाजनक भागीदारी में एनसीपी और कांग्रेस का अलग रुतबा था। जैसा कि कहा गया है, शिवसेना के अपने लोगों की उपेक्षा का आलम यह था कि वे मुख्यमंत्री से मिल भी नहीं पाते थे। संवाद की यह टूट इस स्तर पर हुई कि शिवसेना के केंद्रीय नेतृत्व को अपने इतने बड़े हिस्से के अलग होने की भनक तक नहीं थी। कुछ दिन पहले राज्यसभा के लिए हुए चुनाव में शिवसेना का अंतर्कलह सामने आया था। भाजपा ने अपने 106 विधायकों के अलावा निर्दलीयों सहित 113 मत हासिल किए, जिससे भाजपा के तीनों उम्मीदवारों की विजय हुई। उसी समय यह पता चल गया था कि शिवसेना में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। उसके बाद हुए विधान परिषद चुनाव में शिवसेना में नाराजगी की चिनगारी उठी और बगावत का बीजारोपण हो गया। उधर, भाजपा के पास अपने पांचवें उम्मीदवार को जिताने के लिए एक भी अतिरिक्त मत नहीं था, फिर भी उसने दांव खेला और जीत हासिल की। ये संकेत थे। लेकिन कांग्रेस-एनसीपी के भरोसे पर राजनीति कर रहे शिवसेना नेतृत्व ने इससे कोई सबक नहीं सीखा। इस घटनाक्रम के बीच शिवसेना के स्थापना दिवस पर ठाकरे ने हिंदुत्व के मुद्दे पर भाजपा को चुनौती देने की जरूर कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अब शिवसेना का असली दावेदार कौन है, इसे लेकर एकनाथ शिंदे गुट और ठाकरे गुट में कानूनी संघर्ष शुरू होगा। जाहिर है, सत्ता के लिए वैचारिक भ्रम ने ही उसे यहां ला खड़ा किया है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम को तेज करते हुए मोदी सरकार को वोहरा कमेटी की सिफारिशों को अंजाम तक पहुंचाना चाहिए

इस देश के एक गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री कहा करते थे कि 'फर्स्ट फैमिली को कभी टच नहीं किया जाना चाहिए।' इसी तरह की बातें कई राज्यों में भी कही जाती थीं। अधिकतर राजनीतिक दल सत्ता में होते थे तो वे प्रतिपक्षी दलों के गुनाहों को आमतौर पर नजरअंदाज कर देते थे। तब माफी आम बात थी और सजा अपवाद। यह सिलसिला लंबे समय तक चला। वर्ष 2014 के बाद स्थिति बदल चुकी है। इसलिए गैर राजग दलों के अनेक नेतागण इन दिनों बड़ी कानूनी परेशानियां झेल रहे हैं, क्योंकि उन्हें अपने बचाव का कोई उपाय नजर नहीं आ रहा है। अब माफी अपवाद है प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से एक बार जब यह कहा गया कि 'आपके मंत्रिमंडल के कुछ सदस्यों के खिलाफ शिकायतें आ रही हैं। इसे देखते हुए कोई ऐसी एजेंसी बना दें, जो मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच करे।' इस पर नेहरू का जवाब था कि इससे हमारे मंत्रियों में डर बैठ जाएगा। हालांकि एक बार उन्होंने यह भी कहा था कि भ्रष्टाचारियों को नजदीक के लैंप पोस्ट से लटका दिया जाना चाहिए, पर यह बात सिर्फ भाषण तक ही रह गई। उन्हीं दिनों राज्यों में भी भ्रष्टाचार ने सिर उठाना शुरू कर दिया था। शिकायत मिलने पर महात्मा गांधी ने आरोप सही पाया, पर किसी नेता को सजा नहीं मिली। यदि तब भ्रष्ट तत्वों को सजा मिल गई होती तो अन्य भ्रष्टाचारी डरते राष्ट्रीय स्तर पर 1971 के बाद भ्रष्टाचार ने देश में संस्थागत रूप ग्रहण कर लिया। खुद पर भ्रष्टाचार के आरोपों के जवाब में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कहा था कि 'भ्रष्टाचार तो दुनिया भर में है। सिर्फ भारत में ही नहीं है।' पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भी कहा था कि केंद्र सरकार के सौ पैसे में से सिर्फ 15 पैसे ही उन तक पहुंच पाते हैं, जिनके लिए वे पैसे दिल्ली से भेजे जाते हैं। हालांकि आज यह स्थिति बदली नजर आ रही है। अब



और सजा नियम। ऐसे में विरोधी नेताओं की जुबान तीखी होती जा रही है। मोदी की आलोचना करते-करते वे कभी देश की तो कभी संवैधानिक शासन व्यवस्था की ही आलोचना करने लगते हैं। दरअसल देश भ्रष्टाचार के प्रति सहनशीलता के दौर से निकल कर अब लगभग शून्य सहनशीलता के दौर में प्रवेश कर चुका है। दुख की बात है कि देश में घोटालेबाजों को प्रोत्साहन देने की परंपरा आजादी के तत्काल बाद ही पड़ गई थी। वीके कृष्ण मेनन पर 1949 में जीप घोटाले का गंभीर आरोप लगा। जांच कमेटी ने उन्हें सरसरी तौर पर दोषी माना। इसके बावजूद तत्कालीन केंद्र सरकार ने 30 सितंबर, 1955 को संसद में यह घोषणा कर दी कि जीप घोटाले के मामले को बंद कर दिया गया है। हद तो तब हो गई जब फरवरी, 1956 को कृष्ण मेनन केंद्रीय मंत्री बना दिए गए। जीप घोटाला पिछली सदी के अंतिम दशक के यूरिया घोटाला के समान ही था। जीप घोटाले के लिए जिम्मेदार व्यक्ति को सजा मिली होती तो शायद यूरिया घोटाला करने की हिम्मत इस देश में किसी को नहीं होती। एक घोटाले को नजरअंदाज करने के कारण दूसरे घोटाले होते गए। हर अगला घोटाला पिछले घोटाले से बड़ा होता रहा। प्रथम बिहार के एक मंत्री को हटाने की सलाह दी, पर वह नहीं मानी गई। सरदार पटेल ने आंध्र के एक बड़े नेता को लिखा कि आपने जो थैलियां वसूली हैं, उन्हें प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंप दीजिए। इसके बावजूद उस नेता को मुख्यमंत्री बना दिया गया। जब भ्रष्टाचारियों को यह संदेश गया कि भ्रष्टाचार कम खतरे और अधिक मुनाफे का धंधा है तो फिर वे बेलगाम होने ही थे। जीप घोटाले के बाद भी नेहरू शासन काल में कई छोटे-बड़े घोटाले हुए। किसी को भी सजा मिली, ऐसा किसी को याद नहीं है 1955 में सिंचाई के मद में तत्कालीन केंद्र सरकार ने राज्यों को कुल 29 हजार करोड़ रुपये दिए। इसमें से एक बड़ी राशि पंजाब को मिली। पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों ने उन पैसों से सिंचाई क्षमता का निर्माण अवश्य किया, पर उसमें भारी कमीशनबाजी भी हुई। यह भी नेहरू युग की बात है। कैरों के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच हुई। जांच रिपोर्ट में यह अजीब बात कही गई कि कैरों के पुत्र एवं पतनी ने पैसे जरूर बनाए, पर उसके लिए कैरों जिम्मेदार नहीं हैं। इसी तरह बिहार में छह कांग्रेसी मंत्रियों के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए 1967 में अय्यर आयोग बना। उसने सभी के खिलाफ कोई न कोई योजनाओं का पूरा पैसा लाभाथिर्यों को मिल रहा है। अब घोटालेबाज जान रहे हैं कि उन्हें कोई बचाने वाला नहीं है। सजाएं मिलनी शुरू हो गई हैं। बड़े-बड़े नेता जमानत पर हैं। किसी से ईडी पूछताछ कर रही है तो किसी से सीबीआइ। ऐसे नेताओं में प्रथम परिवार कहे जाने वाले परिवार के नेता भी शामिल हैं मोदी राज में अब कोई छूट मिलने की उम्मीद जाती रही। मोदी सरकार को एक और काम करना चाहिए। उसे वोहरा कमेटी की सिफारिशों को तार्किक परिणति तक पहुंचाना चाहिए। उसने अक्टूबर, 1993 को तत्कालीन केंद्र सरकार को प्रेषित अपनी रिपोर्ट में कहा था, 'देश में अपराधियों, नेताओं और नौकरशाहों के साथ अन्य प्रभावशाली लोगों का एक गठजोड़ बन गया है। इस कारण वे बिना दंडित हुए अपनी गतिविधियां चलाते हैं।' मोदी सरकार का मौजूदा कार्यकाल पूरा होने में अभी लगभग दो साल बाकी हैं। इसके साथ ही 2024 के आम चुनाव में उनके ही प्रधानमंत्री बनने के संकेत हैं। इसलिए मोदी सरकार को वोहरा कमेटी की रिपोर्ट पर काम करना चाहिए।

# राजद्रोह से जुड़ी घ्झण् की धारा 124 ए को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कुछ याचिकाओं को लेकर किया हस्तक्षेप......................

राजद्रोह से जुड़ी भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हाल में कुछ याचिकाओं को लेकर हस्तक्षेप किया। उनमें इस धारा की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी। यह मानवाधिकार और न्यायिक शास्त्र के प्रगतिशील विस्तार में परिवर्तनकारी पड़ाव है। हाल के दौर में कई मामलों में इस पुराने औपनिवेशिक कानून का अनावश्यक इस्तेमाल हुआ है। इसने नागरिकों के अधिकारों और विधि की निर्धारित प्रक्रिया का मखौल उड़ाया है। इससे नया मामला न दर्ज करें। देखा जाए तो न्यायिक इतिहास में पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने किसी आपराधिक कानून को असंवैधानिक करार दिए बिना ही उस पर एक तरह से रोक लगा दी। हालांकि उसके निर्देश 'प्रथम-दृष्टया' आधार पर अभिव्यक्त हुए हैं, जो इसका संकेत है कि उसका अंतिम निणर्य किस दिशा में हो सकता है? यह एक मिसाल है, जहां अदालत ने विधायिका की विधि निर्माण की शक्ति या नीतिगत निणर्यों पर कार्यपालिका के नियंत्रण की रेखा का उल्लंघन किए उदारवाद एवं उदारवादी लोकतंत्र होने की आकांक्षा की पूर्ति के प्रयास में लगा है, तब हिरासत में यातनाओं का अभिशाप कायम है। ऐसी प्रताड़ना के विरुद्ध एक राष्ट्रीय अभियान की रिपोर्ट के अनुसार केवल 2019 में ही हिरासत में यातना से 1,731 लोगों की मौत हो गई। ऐसी यातना से संरक्षण प्रदान करने वाले किसी कानून की अनुपस्थिति आपराधिक न्याय तंत्र के ढांचे की कलई खोलने वाली है। यह अनुच्छेद 21 में उल्लिखित प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता के संरक्षण को



लोगों की प्रतिष्ठा एवं गरिमा पर आघात हुआ है। काटरूनिस्ट, पत्रकार, एक्टिविस्ट, बुद्धिजीवी, छात्रों और नेताओं को अपनी धारणाओं एवं मान्यताओं को लेकर लंबे समय तक इसके कारण दमनकारी उत्पीड़न एवं आपराधिक अभियोग झेलने पड़े बीते दिनों महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, आंध्र और मध्य प्रदेश में राजनीतिक विरोधियों एवं अन्य लोगों पर राजद्रोह का अभियोग यही बताता है कि राजद्रोह कानून का दुरुपयोग अब कोई नई-अनोखी बात नहीं है। यह एक ऐसा मानदंड बन गया है, जिसने मूल अधिकारों की संवैधानिक गारंटी को खोखला कर दिया है। इसने लोगों के समक्ष जोखिम बढ़ा दिया है। इससे राष्ट्रीय संवेदनाओं पर इतना आघात होता दिख रहा है, जैसा पहले कभी देखने को नहीं मिला। इस संदर्भ में 11 मई को आए सुप्रीम कोर्ट के निणर्य को व्यापक रूप से न्यायिक स्टेट्समैनशिप के रूप में देखा जाना चाहिए। राजद्रोह कानून की समीक्षा को लेकर केंद्र सरकार के संशोधित शपथपत्र से मिली गुंजाइश को देखते हुए अदालत ने सुनवाई को कुछ समय के लिए टालने के अनुरोध को स्वीकार तो किया, लेकिन इस मामले में अंतरिम निर्देश भी जारी किए। इससे लोगों को तात्कालिक राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक इस मामले में अंतिम निणर्य नहीं आ जाता, तब तक केंद्र और राज्य सरकारें इसके अंतर्गत कोई बिना नागरिकों को एक सख्त कानून से संरक्षण प्रदान किया। संविधान की उदारवादी चेतना के पक्ष में निर्णायक रूप से झुकते हुए सुप्रीम कोर्ट संवैधानिक सिद्धांतों के संरक्षक के रूप में जन अपेक्षाओं पर खरा उतरा है चूंकि प्रत्येक निणर्य की एक स्वतः स्फूर्त शक्ति होती है और भविष्य में समान प्रकृति के मामलों पर भी उसका प्रभाव होता है, इसलिए शीर्ष अदालत से यही अपेक्षा की जा सकती है कि वह एक उद्देश्यपूर्ण प्रवर्तन सुनिश्चित करे, जिसमें मानवाधिकारों की पवित्रता की पुष्टि हो। उसके निणर्यों में इस दायित्व की निरंतर स्वीकार्यता भी प्रत्यक्ष साबित हुई है। बरदाकांता मिश्र (1974), नागराज (2006), शायरा बानू (2017) और बृजेंद्र सिंह (2016) आदि मामले इसकी मिसाल हैं। जब समग्र क्षेत्रधिकार से जुड़े मामलों की बात आए तो सुप्रीम कोर्ट को यह देखना होगा कि सरकार उसके सुझावों-आदेशों पर क्या कर रही है, विशेषकर जब ऐसे मामले नागरिकों के उन मूल अधिकारों से जुड़े हों, जिन्हें लेकर कोई समझौता नहीं हो सकता। इस लिहाज से सुप्रीम कोर्ट राजद्रोह कानून के साथ ही सरकार को एक एंटी-लिंचिंग मानवीय कानून बनाने के लिए भी प्रेरित कर सकता है, जैसा कि तहसीन पूनावाला (2018) मामले में सुझाव आया था। इसी प्रकार हिरासत में प्रताड़ना के विरुद्ध भी एक कानून बनाने की पहल हो सकती है। एक ऐसे समय में जब राष्ट्र वास्तविक भी संबोधित करता है। इस मामले में राज्यसभा की प्रवर समिति (2010), विधि आयोग (2017), मानवाधिकार आयोग और अदालती आदेश उल्लेखनीय हैं। इसी प्रकार अदालत से अपेक्षा है कि वह यूएपीए और उन आपराधिक कानूनों का शिकंजा ढीला करने में उचित हस्तक्षेप करे, जिनका लोगों की नागरिक स्वतंत्रता एवं अधिकारों के मामले में निरंतर दुरुपयोग हो रहा है। दुरुपयोग के ये मामले राष्ट्र की अंतरात्मा पर अमिट रूप से अंकित हो गए हैं। राज्य के एक अंग के रूप में सर्वोच्च न्यायालय का क्षेत्रधिकार स्पष्ट रूप से अपने घोषित कानून (नागराज, 2006) के अनुरूप है कि राज्य (न्यायालय भी जिसका एक अभिनन्न अंग है) का कर्तव्य न केवल व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा करना है, अपितु वह उन्हें प्रदान करने के दायित्व से भी बंधा हुआ है यह एक उचित अवसर एवं महत्वपूर्ण पड़ाव है, क्योंकि सरकार राष्ट्र के कानूनी ढांचे की समीक्षा कर रही है। जिन सुझावों की चर्चा की गई है, वे देश के लोकतांत्रिक स्वरूप को और निखारने का काम करेंगे और इससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ संवाद-सक्रियता में भी देश की साफ्ट पावर बढ़ेगी। न्यायालय द्वारा अभिप्रेरित पहल नई आकार लेती विश्व व्यवस्था में भी देश की प्रमुख भूमिका को मान्यता प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री का यह कदम सराहनीय है कि उन्होंने भारत सरीखे स्वतंत्र देश पर धब्बा लगा रहे राजद्रोह कानून की समीक्षा करने की बात कही है।

# झारखंड में उम्मीद की लाइब्रेरी : जंगल की विरासत से नई पीढ़ी का परिचय कराना और सहेजना.........

पश्चिम सिंहभूम जिले के आदिवासी बहुल इलाकों के गांवों में एक संस्था के प्रयतन से पांच पुस्तकालय खुले हैं। इससे बच्चों में पढ़ने की संस्कृति तो विकसित हो ही रही है, स्थानीय लोगों में पुस्तकालय और किताबों के प्रति उत्साह भी देखने लायक है। इस साल की एक सर्द दोपहरी में ढोल-मांदल बज रहे थे, युवतियां रंग-बिरंगी पोशाकों में नाच रही थीं। यह कोई पर्व-त्योहार या शादी-विवाह का कार्यक्रम नहीं था। यह झारखंड के दूर-दराज के गांव में एक पुस्तकालय का उद्घाटन था। यह झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के खुंटपानी प्रखंड का ऊपरलोटा गांव था। यह इलाका मुख्यतः आदिवासी बहुल है। संयोग से मैं फरवरी में इस लाइब्रेरी के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल था। किताबों का ऐसा स्वागत मैंने पहली बार देखा था। दो महीने बाद मैं फिर यह लाइब्रेरी देखने गया। इसे एकजुट संस्था ने शुरू किया है, जिसका मुख्यालय चक्रधरपुर में है। इस लाइब्रेरी का उद्देश्य है कि गांव के बच्चों में पढ़ने-लिखने की रुचि निरंतर बनी रहे, जिन बच्चों ने स्कूल छोड़ दिया है, वे



फिर से पढ़ाई, स्कूल और किताबों से जुड़ सकें। जो निर्धन बच्चे किताबें नहीं खरीद सकते, वे यहां आकर किताबें पढ़ सकें और घर भी ले जा सकें और ज्ञान की बड़ी दुनिया से जुड़ सकें। लाइब्रेरी की योजना को साकार करने के लिए एकजुट के कार्यकर्ताओं ने गांवों का चयन किया, लोगों से बातचीत की और उनसे लाइब्रेरी के लिए जगह देने का आग्रह किया।

# सुरक्षा की फिक्र नहीं : योजना की खामियों पर संसद में बहस हो, फिर कोई कानून बने तो बेहतर

यदि रक्षा बलों में भर्ती में आधुनिकीकरण की जरूरत है, तो इसका तरीका यह है कि इस पर स्थिति रिपोर्ट प्रकाशित की जाए, मुद्दों को सूचीबद्ध किया जाए, वैकल्पिक समाधान तलाशे जाएं, संसद की स्थायी समिति में इस पर विचार हो, संसद में बहस हो और फिर कोई कानून बनाया जाए या योजना बनाई जाए। पहले और दूसरे विश्व युद्ध के दौरान पूरे अमेरिका में एक पोस्टर नजर आया, जिसमें लिखा होता था : 'आई वांट यू- फॉर यूएस आर्मी', (अमेरिकी फौज के लिए हमें तुम्हारी जरूरत है)। इस पोस्टर में टॉप हैट पहने एक शख्स होता था, जिसे प्यार से अंकल सैम कहा जाता था। भारत सरकार रक्षा बलों में सैनिकों की भर्ती से संबंधित अपनी नई योजना के प्रचार के लिए इसी तरह के पोस्टर का इस्तेमाल कर सकती है। हालांकि इसमें छोटे अक्षरों में यह भी जोड़ना पड़ सकता है, 'दर्जी, धोबी या नाई बनने के लिए।' अग्निपथ नामक यह योजना सरल है, वास्तव में बहुत ही सरल। तीन सेनाओं में हर साल 46,000 सैनिकों की भर्ती की जाएगी। उन्हें छह महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा और उसके बाद 42 महीने की तैनाती दी जाएगी। 48 महीने खत्म हो जाने के बाद उनमें से एक चौथाई सैनिकों को 11 से 13 वर्षों तक सेवा से जोड़े रखा जाएगा और बाकी बचे करीब 34,500 को 11,67,000 रुपये का भुगतान कर मुक्त कर दिया जाएगा। नौकरी की कोई गारंटी नहीं होगी, कोई पेंशन नहीं, कोई ग्रेच्युटी नहीं और कोई चिकित्सा या अन्य लाभ नहीं होगा पहले करो, बाद में सोचा योजना की खामियां एकदम स्पष्ट हैं। यह अनुमान सही लगता है कि इस विचार को 'बहुत ऊपर' से थोपा गया है। 2014 से यह सरकार इसी तरह काम कर रही है। नोटबंदी, राफेल सौदा, भूमि अधिगृहण कानून में संशोधन और तीन कृषि कानून इसकी मिसालें हैं। अनुमान के मुताबिक इसके विरोध में प्रदर्शन हुए, जिनमें अधिकांश ऐसे युवा शामिल थे, जो सैन्य बलों में नियमित भर्ती के लिए तैयारी कर रहे थे, जिसे महामारी के कारण एकाधिक बार स्थगित करना पड़ा। उनमें से कई अग्निपथ योजना के लिए तय 21 वर्ष की उम्र को पार कर चुके होंगे। प्रदर्शन शुरू होने के अगले ही दिन सरकार ने आनन-फानन में बदलाव करना शुरू किया और बेशर्मी के साथ इन बदलावों को 'पूर्व नियोजित' बताया। बदलावों के बावजूद अग्निपथ को लेकर बुनियादी आपत्तियां दूर नहीं हुईं : पहली बात, इसकी घोषणा का समय। पूरी सीमा पर सुरक्षा की स्थिति बेहद अनिश्चित है और चीन की ओर से अतिक्रमण और पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ जारी है। दरअसल बारिश आने से पहले ही छप्पर ठीक करवा लेना चाहिए। दूसरी बात, अग्निवीर ठीक से प्रशिक्षित नहीं होंगे और इसलिए अग्रिम मोर्चे पर उनकी तैनाती नहीं हो सकती। एडमिरल अरुण प्रकाश ने रेखांकित किया है कि सामान्य रूप



से भर्ती होने वाले सैनिक को पांच-छह वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा नौसेना और वायु सेना तेजी से प्रौद्योगिकी संचालित होती जा रही हैं, ऐसे में किसी भी नौसैनिक या वायुसैनिक को छह माह में प्रशिक्षित नहीं किया जा सकता। आर्टिलरी के महानिदेशक पद से सेवानिवृत्त हुए लेफ्टिनेंट जनरल पीआर शंकर ने अपने एक लेख में आंकड़ों के साथ बताया है कि जब अग्निपथ योजना पूरी तरह से लागू हो जाएगी, तब भारत की सेना में ऐसे सैनिक होंगे जो ब्रह्मोस, पिनाका या वज्र हथियार प्रणाली संभालने में अक्षम होंगे या फिर गनर या सेकेंड इन कमांड (लेफ्टिनेंट कर्नल) बनने के योग्य नहीं होंगे। उन्होंने इसे नाम दिया, किंडरगार्टन आर्मी! (बाल सेना)। तीसरी बात, अनेक प्रतिष्ठित सैन्य अधिकारियों ने याद दिलाया है कि एक लड़ने वाले सैनिक को अपनी टुकड़ी पर गर्व होना चाहिए, जोखिम लेने से नहीं डरना चाहिए और संकट की स्थिति में उसे नेतृत्व का प्रदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए। मानव संसाधन से संबंधित कोई भी पाठ्यपुस्तक यह नहीं सिखाती कि ऐसे गुणों को महज छह माह के प्रशिक्षण में आत्मसात किया जा सकता है। पुलिस कांस्टेबल तक का प्रशिक्षण इससे लंबा होता है चौथी बात, रक्षा बलों, खासतौर से थलसेना में एक परंपरा और लोकाचार होता है। एक सैनिक को अपने देश और अपने साथियों के लिए मरने को तैयार रहना चाहिए। पलटन प्रणाली पुरातन हो सकती है, लेकिन इसने भारतीय सेना को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लड़ाकू ताकतों में शुमार कर दिया। चार साल की नौकरी के दौरान अग्निवीरों को पता होगा कि कार्यकाल के अंत में उनमें से 75 फीसदी नाखुश पूर्व सैनिक होंगे (उनके पास पूर्व सैनिक का दर्जा भी नहीं होगा) और आर्थिक रूप से असुरक्षित। इस चार साल की अवधि में ऐसे सैनिकों के बीच क्या सौहार्द या प्रतिद्वंद्विता की भावना होगी? ऐसे सैनिकों से आप यह कैसे अपेक्षा कर सकते हैं कि जरूरत पड़ने पर वे सर्वोच्च बलिदान के लिए तैयार होंगे। पांचवीं बात, अर्थव्यवस्था की खातिर गुणवत्ता, दक्षता और प्रभावशीलता के त्याग के परिणामों की कल्पना करें। बढ़ता हुआ पेंशन बिल वास्तव में एक समस्या है, लेकिन वैकल्पिक मॉडल को परखने का भी कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है। यह तर्क, कि अग्निपथ मॉडल को इस्राइल में आजमाया और परखा गया है, बेकार है। इस्राइल की आबादी बेहद कम है, वहां आमतौर पर बेरोजगारी नहीं है और युवाओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है। अग्निपथ को प्रायोगिक रूप में पेश क्यों नहीं किया गया और इसे तीनों सेवाओं में भर्ती का एक सार्वभौमिक और एकमात्र तरीका बनाने से पहले इसका परीक्षण क्यों नहीं किया गया? अब, उप थल सेनाध्यक्ष, जनरल राजू ने कहा है कि अग्निपथ एक 'पायलट' योजना है, चार-पांच साल बाद जिसमें बदलाव किया जाएग अनुबंधित सेना सरकार द्वारा प्रस्तावित तथाकथित परिवर्तन और रियायतें इस बुनियादी सवाल का जवाब नहीं देती है कि क्या कुप्रशिक्षित और बड़े पैमाने पर संविदात्मक रक्षा बल देश की सुरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित नहीं करेंगे। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), रक्षा प्रतिष्ठान और केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों में सेवामुक्त अग्निवीरों के लिए दस फीसदी का आरक्षण इसका कोई जवाब नहीं है। महानिदेशक पुनर्वास (द इंडियन एक्सप्रेस द्वारा उद्धृत, 21 जून, 2022) के अनुसार, समूह सी पदों में 10-14.5 प्रतिशत और पूर्व सैनिकों के लिए समूह डी पदों में 20-24.5 प्रतिशत के मौजूदा आरक्षण के मुकाबले, नियोजित वास्तविक प्रतिशत समूह सी पदों में 1.29 (या कम) और समूह डी पदों में 2.66 (या उससे कम) था यदि रक्षा बलों में भर्ती में आधुनिकीकरण की जरूरत है, तो इसका तरीका यह है कि इस पर स्थिति रिपोर्ट प्रकाशित की जाए, मुद्दों को सूचीबद्ध किया जाए, वैकल्पिक समाधान तलाशे जाएं, संसद की स्थायी समिति में इस पर विचार हो, संसद में इस पर बहस हो और फिर कोई कानून बनाया जाए या योजना बनाई जाए। गलत तरीके से अपनाई गई अग्निपथ योजना को वापस लिया जाना चाहिए और सरकार को फिर से इस पर विचार करना चाहिए।

# यूपी व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विनीत शारदा और पश्चिमी यूपी के संयोजक विनोद अग्रवाल नोएडा दौरे पर

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक बिशप को अतीत द्वारा व्यापारियों एवं इंडस्ट्री की एक संयुक्त बैठक बुलायी गई। सभी व्यापारियों ने अपनी अपनी समस्याएं विनीत शारदा के सामने रखी जिसमें जी एस टी विभाग लेबर डिपार्टमेंट एवं बिजली विभाग से संबंधित शिकायतें साथ ही अथॉरिटी के संबंध में भी सभी ने समस्याओं से अवगत कराया। विनीत शारदा ने सभी की समस्या सुन कहा कि भारतीय जनता पार्टी व्यापारियों एवं इंडस्ट्री की समस्याओं को हल करने के लिए कृत संकल्प है, शीघ्रातिशीघ्र अधिकतर समस्याएं हल हो जाएंगी साथ ही यह आश्वासन भी दिया कि हर महीने वह व्यापारियों की समस्याओं को लेकर ऑनलाइन मीटिंग भी शुरू करेंगे। आज की बैठक में जिला संयोजक सी पी शर्मा ने नोएडा आने के लिए विनीत शारदा जी का धन्यवाद दिया और व्यापारियों की समस्याओं को सही तरीक़े से पहुँचना का भी संकल्प दिया। बैठक में महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, प्रणय गोयल, प्रवीण मदान, अरुण वालिया, ओ पी शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में 1256 युवक-युवतियों को मिला रोजगार, 207 युवक-युवतियों का अप्रेंटिस के लिए हुआ चयन........

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी सुहास एल वाई के नेतृत्व में सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी संग प्रिय आनंद ने जानकारी दी है कि जनपद के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विगत दिवस आईआईएमटी इंजीनियरिंग कॉलेज ग्रेटर नोएडा में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया एवं मुख्य अतिथि सांसद डॉ महेश शर्मा के द्वारा रोजगार के लिए चयनित युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र का वितरण कराते हुए मेले का समापन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि रोजगार शासन की प्राथमिकता में है और यह रोजगार मेला रोजगार सर्जन करने के लिए एक सकारात्मक प्रयास है। उन्होंने कहा कि आगे भी माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद में रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध करा कर माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने उन छात्रों को निराश ना होने की सलाह दी जिनका चयन इस मेले में नहीं हो पाया। उन्हें आगे भी प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में 2475 बेरोजगार युवक-युवतियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिनमें से 1256 युवक-युवतियों को रोजगार के लिए चुना गया एवं अप्रेंटिस के लिए 230 युवक-युवतियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिनमें से 207 युवक-युवतियों का चयन अप्रेंटिस के लिए किया गया। रोजगार मेले को सफल बनाने में सेवायोजन कार्यालय एवं आईआईएमटी इंजीनियरिंग कॉलेज का विशेष योगदान रहा।

# कलेक्टर ने संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

(आधुनिक समाचार सेवा)
दुर्गेश कुमार गुप्ता

**शहडोल।** 30 मई 2022- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती वंदना वैद्य ने त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 के मद्देनजर मध्यप्रदेश सम्पत्ति विरूपण अधिनियम 1994 की धारा 3 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि शहडोल जिले के जनपद पंचायत क्षेत्र (ब्यौहारी, जयसिंहनगर, गोहपारू, सोहागपुर एवं बुढ़ार) में राजनैतिक पाटियों तथा व्यक्तियों द्वारा जुलूस, जनसंपर्क, आमसभाएं इत्यादि राजनैतिक गतिविधिया तेजी से प्रारंभ कर दी गई है, जिसमें शासकीय परिसम्पत्तियों को नारे, पम्पलेट्स, फ्लैक्स, झण्डे लगाकार विरूपित करने का प्रयास किया जा सकता है। विभिनन्‍ व्यक्तियों, राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव प्रसार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लिखे जाने की संभावना है, जिससे शासकीय सम्पत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस प्रवृत्ति पर रोक लगाये जाने की आवश्यकता है, कोई भी जो सम्पत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना, सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी सम्पत्ति को स्याही, खडिया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिखकर या चिन्हित करके उसे विरूपित करेगा वह जुर्माने से जो एक हजार रूपये तक का हो सकेगा दण्डनीय होगा, इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा। कलेक्टर ने म0प्र0 सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा 5 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कहा है कि चुनाव प्रचार के दौरान यदि विभिनन्‍ राजनैतिक दलों अथवा चुनाव लड़ने वाले अभ्यथिन्यों द्वारा किसी शासकीय एवं अशासकीय भवन की दीवालों पर किसी भी प्रकार के नारे लिखकर विकृत किया जाता है, विद्युत एवं टेलीफोन के खम्भों पर झंडियों लगाई जाती है अथवा ऐसे पोस्टर एवं बैनर लगाकर सम्पत्ति को विकृत किया जाता है तो उस स्थिति में ऐसे पोस्टर एवं चैनर हटाने के लिए तथा चुनावी नारे मिटाने के लिये जिले के पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक थाने में सम्पत्ति सुरक्षा दस्ता तत्काल प्रभाव से पदस्थ किया जाता है, इस दस्ते में संबंधित स्थानीय निकाय एवं लोक निर्माण विभाग के स्थायी गैंग के पर्याप्त संख्या में कर्मचारी पदस्थ रहेंगे। यह लोक सम्पत्ति सुरक्षा दस्ता टी0आई0, थाना प्रभारी के सीधे देखरेख में कार्य करेगा। इस दस्ते को सहयोग देने के लिये और स्थल पर जाकर कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिये सम्बन्धित थाने का एक सहायक उप निरीक्षक पुलिस मुख्यालय पटवारी एवं स्थानीय निकाय का एक कर्मचारी की ड्यूटी लगायी जाती है। इस दस्ते को एक वाहन भी उपलब्ध कराया जाये, जिस पर लोक सम्पत्ति सुरक्षा दस्ता का बैनर लगा होना चाहिये। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस दस्ते को लोक सम्पत्ति को विरूपण से बचाने के लिये सभी आवश्यक सामग्री जैसे गेरू, चूना, कूची, बास एवं सौदी आदि उपलब्ध कराई जाये। जारी आदेष जारी में कहा गया है कि यदि किसी व्यक्ति अभ्यर्थी द्वारा किसी निजी सम्पत्ति को बिना उसके स्वामी की लिखित सहमति के विरूपित किया जाता है तो निजी सम्पत्ति के स्वामी द्वारा सम्बन्धित थाने में सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद लोक सम्पत्ति सुरक्षा दस्ता निजी सम्पत्ति को विपत होने से बचाने की कार्यवाही करेगा एवं थाना प्रभारी संबंधित प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर विधिवत जांच कर सक्षम न्यायालय में चालान प्रस्तुत करेंगे, थाना प्रभारी लोक सम्पत्ति विरूपण से संबंधित प्राप्त शिकायतों को एक पेजी में पंजीबद्ध करेंगे तथा शिकायत की जांच कर तथ्य सही पाये जाने पर लोक सम्पत्ति सुरक्षा दस्ता को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करेंगे।



# गरीब परिवार की पहली बार गर्भधारण करने वाली महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना वरदान साबित हुई............

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** प्रदेश में प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के अंतर्गत किसी भी गरीब, मजदूर परिवार में पहली बार गर्भधारण करने वाली महिलाओं को वित्तीय लाभ प्रदान किया जाता है। आज देश में अधिकांश महिलाओं को अल्पपोषण का सामना करना पड़ता है। अल्प पोषण व रक्त अल्पता अधिकतर महिलाओं में पाया जाता है। अल्पपोषित माता अधिकांशतः कम वजन वाले शिशुओं को ही जन्म देती है। यदि गर्भवती महिला कुपोषित है तो बच्चों का कुपोषण गर्भावस्था से ही शुरू होता है, तो जीवन भर चलता रहता है और ज्यादातर अपरिर्वतनीय होते हैं। अक्सर आर्थिक एवं सामाजिक तंगी के कारण मजदूरी करने वाली कई गरीब महिलायें अपनी गर्भावस्था के आखिरी दिनों तक अपने परिवार के लिए जीविका अर्जित करना जारी रखती हैं। इसके अलावा वे बच्चे को जन्म देने के बाद, स्वस्थ होने से पहले काम करना शुरू कर देती है, जबकि उनका शरीर इसके लिए तैयार नहीं रहता। इस तरह आर्थिक परेशानी के कारण धात्री महिलायें पूरी तरह स्वस्थ भी नहीं हो पाती और अपने शिशु को स्तनपान कराने में समर्थ भी नहीं हो पाती है। इससे माँ और शिशु दोनों कमजोर रहते हैं और विभिनन्‍ रोग घेरने लगते हैं मजदूरी करने वाली गरीब परिवारों की महिलाओं की इन्हीं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 01 जनवरी, 2017 से प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना का शुभारम्भ किया है। इस योजना के अंतर्गत जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य संबंधी विशिष्ट शर्तों की पूर्ति पर पर्याप्त पोषण हेतु पहली बार गर्भधारण करने वाली गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के खातों में 6000 रू0 प्रोत्साहन स्वरूप दिया जाता है, जिससे उनके स्वस्थ रहने के आचरण में सुधार हो सके। इस योजना के अंतर्गत 5000 रू0 तीन किश्तों में दिया जाता है तथा पात्र लाभार्थी संस्था में प्रसव के बाद जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत मातृत्व लाभ के संबंध में अनुमोदित मानदंडों के अनुसार 1000 रू0 दिये जाते हैं। इस तरह प्रत्येक पात्र महिला को 6000 रू0 प्रोत्साहन धनराशि दिया जाता है। जिससे उनका पोषण होता रहे और वे स्वस्थ रहे। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। वर्ष 2021-22 में 6,05,852 प्रथम बार गर्भधारण करने वाली महिलाओं को लाभान्वित किया गया है।

# पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत 8 बच्चों को प्रधानमंत्री द्वारा किया गया सम्बोधित..............

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज वीडियो कांफेसिंग रूम एन0आई0सी0 कलैक्ट्रेट सूरजपुर में पी0एम0 केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना के तहत चयनित 08 बच्चों को मा0 प्रधानमंत्री द्वारा सम्बोधित किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अन्त में मुख्य विकास अधिकारी गौतमबुद्धनगर अनिल कुमार सिंह के द्वारा बच्चों को सन्ेह पत्र और प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजनान्तर्गत हेल्थकार्ड वितरित किये गये। योजना के तहत बच्चों को ठबचत खाताठ का पासबुक भी दिया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों को 18 वर्ष की आयुपूर्ण होने पर इन खातों में रू0 10 लाख की धनराशि प्राप्त होगी एवं बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बैंक ऋण की व्यवस्था भी इस योजना के तहत उपलब्ध कराई जाएगी।

## दिल्ली के पंप संचालकों ने तेल कंपनियों से नहीं खरीदा पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली।** क्या देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल और डीजल की किल्लत शुरू हो सकती है? इसकी आशंका इसलिए गहरा गई है क्योंकि दिल्ली के पंप संचालकों ने तेल कंपनियों से पेट्रोल-डीजल नहीं खरीदा है। दरअसल, तेल विपणन कंपनियों से खुद का कमीशन बढ़ाने की मांग को लेकर दिल्ली के सैकड़ों पेट्रोल पंप संचालकों ने मंगलवार को 'खरीद नहीं दिवस' मनाया। इसके तहत दिल्ली के 400 पेट्रोल पंपों में से तकरीबन 80 प्रतिशत ने पेट्रो कंपनियों से पेट्रोल-डीजल की खरीद नहीं की। वैसे, इस कारण दिल्ली में किसी भी पंप से पेट्रोल-डीजल की किल्लत की सूचना नहीं है। बावजूद इसके माना जा रहा है कि इसका आंशिक असर अगले कुछ दिनों में देखने को मिल सकता है, क्योंकि दिल्ली में लाखों की संख्या में पेट्रोल और डीजल से संचालित वाहन हैं।

# जनपद की तीनों तहसीलों में घरौनिया वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** ग्रामीणों को उनके घरों का मालिकाना हक दिलाने के उद्देश्य से आज स्वामित्व योजना के तहत मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में लाभाथिन्यों को घरौनी वितरण का कार्यक्रम लखनऊ में सम्पनन्‍ हुआ। लाइव कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के दौरान मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए घरौनी कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसकी शुरुआत से लेकर अब तक उत्तर प्रदेश में कुल 34 लाख परिवारों को इसका लाभ मिल चुका है। उन्होंने कहा कि जिनकी जमीन है आवासीय पट्टा भी अब उनके नाम पर होगा, जिसके चलते वह लोग इस पर लोन लेकर व्यवसाय व आदि कर जीवन यापन कर सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में सबसे ज्यादा जमीनी विवाद ही सामने आते थे, इसको लेकर मुकदमे बाजी होती थी और पीढ़ी दर पीढ़ी विवादों में ही बीत जाती थी। मा0 मुख्यमत्री जी



ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने इस समस्या से निजात दिलाने के लिए तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए यह सभी सुविधाएं यहां पर उपलब्ध कराने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में आज डीएम कैम्प ऑफिस सभागार में जिलाधिकारी सुहास एल0वाई0 की अध्यक्षता में स्वामित्व योजना के तहत मुख्य अतिथि मा0 सांसद डॉ महेश शर्मा की उपस्थिति में 15 लोंगो को घरौनियों का वितरण किया गया। जनपद गौतम बुद्ध नगर में 18505 घरौनियां बनकर तैयार हो चुकी है, जिनके सापेक्ष वर्तमान तक 16000 से अधिक ग्रामीणों को घरौनियों का वितरण किया जा चुका है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदान, एलआरसी राकेश कुमार व ग्रामीण उपस्थित रहे। इसी प्रकार स्वामित्व योजना के तहत जनपद की तीनों तहसीलों में उपजिलाधिकारियों की अध्यक्षता में 50-50 घरौनियों का वितरण कार्यक्रम करते हुये दादरी तहसील में मा0 विधायक तेजपाल नागर एवं सदर व जेवर में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्राम वासियों को घरौनियों का वितरण किया गया।

# आम सभा व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बढ़ती महंगाई बेरोजगारी पर सीटू कार्यकर्ताओं ने जताया रोष

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** मेहनतकश लोगों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर सीटू द्वारा चलाए जा रहे जन जागरण अभियान के तहत




आज गांव बरौला सेक्टर- 49 जूनियर हाई स्कूल पार्क में आमसभा व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। नुक्कड़ नाटक के जरिए दिल्ली जन नाट्य मंच के कलाकारों ने सरकार की मजदूर, गरीब आम जन विरोधी नीतियों एवं सामाजिक कुरीतियों पर कड़ा प्रहार किया। आम सभा को संबोधित करते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों में लगातार हो रही वृद्धि के कारण खाने पीने की चीजें, कपड़ा, निर्माण सामग्री आदि आवश्यक वस्तुओं के दामों में भारी बढ़ोतरी हो रही है इसी तरह घरेलू गैस के दाम बढ़ रहे हैं, जिसके चलते आम जनता बुरी तरह परेशान है क्योंकि महंगाई के अनुपात में आमदनी में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। बेरोजगारी व नियमित रोजगार न मिलने से लोगों की तकलीफ और ज्यादा बढ़ रही है वहीं देश में नफरत की राजनीति को बढ़ावा देकर अल्पसंख्यकों, दलितों पर हमले किए जा रहे हैं, तथा देश की एकता, सद्भाव व भाईचारे को तोड़ा जा रहा है। यह इसलिए किया जा रहा है ताकि आम जनता व मेहनतकश अपने आर्थिक मुद्दों पर संघर्ष के लिए एकजुट ना हो सके तथा आपस में लड़ते रहें जिससे बड़े कारपोरेट घरानों व बड़े देशी व विदेशी पूंजीपति आम जनता की मूलभूत जरूरतों, खदान, शिक्षा, चिकित्सा, पानी, बिजली व मकान आदि के जरिए मुनाफा कमाकर मालामाल होते रहें। उन्होंने जाति धर्म के नाम पर बांटने वालों से सजग रहकर महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक संस्थान व उद्योग के निजीकरण के खिलाफ व्यापक एकता बनाकर संघर्षों को मजबूत कर देश की एकता, संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए आगे आने की जरूरत है। आम सभा में सीटू नेता लता सिंह, भरत डेंजर, धर्मपाल चौहान, राजकरण, रवि, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की नेता रेखा चौहान, गुडिया, पिंकी, सुधा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जनता को कांग्रेस का दिया हुआ अभिशाप है लक्ष्मीकान्त वाजपाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** सेक्टर 116 में भाजपा नोएडा द्वारा आपातकाल पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौक़े पर राज्य सभा सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष माननीय लक्ष्मीकान्त वाजपाई मुख्य अतिथि के रूप में रहे। उत्तर प्रदेश की महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथ्म, उपाध्यक्ष श्रीमती



सुषमा सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल अग्रवाल भी मौजूद रहे। श्री लक्ष्मीकान्त वाजपाई ने कहा की इलाहाबाद हाइकोर्ट का फैसला इंदिरा गांधी के खिलाफ आने पर देश में 25 जून 1975 को आपातकाल लगाया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश को कभी ना भूलने वाला ऐसा दर्द दिया गया जो इतिहास के पननें में एक काले अध्याय के रूप में याद किया जाता है अपनी सत्ता को बचाने के लिए तत्कालीन सरकार ने पूरे देश को आपातकाल में धकेल दिया था। इस दौरान विपक्ष (जनसंघ) के सभी बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया था। अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, चौधरी चरण सिंह, मोरारजी देसाई, चंद्रशेखर समेत सभी बड़े नेता जेल में थे। अखबारों पर भी सेंसरशिप लग गई थी। इस दौरान पूरे देश में डर का माहौल पैदा हो गया था। बड़े-बड़े लोग सरकार के बारे में कुछ भी बोलने से डर रहे थे। श्री वाजपाई ने आपातकाल की यादों को साझा करते हुए बताया कि उस दौर में जनसंघ की ओर से लोकवाणी छपती थी। उस पत्रिका का शीर्षक था 'स्वतंत्रता का मूल्य प्राण है, देखो कौन चुकाता है'। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मोदी सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने का आरोप लगाती है, जबकि आपातकाल के दौरान और उसके बाद भी कांग्रेस ने संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया। भाजपा हमेशा से संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने किया। और उन्होंने बताया आपातकाल को लेकर भारतीय जनता पार्टी 25 जून को काला दिवस के रूप में मानती आ रही है और लोगों को काले दिवस को ले कर जागरूक करने का प्रयास कर रही है इस मौके पर जिले की पूरी कार्यकारिणी के साथ सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे जिसमें महामंत्री चांदीराम यादव, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, डिम्पल आनंद, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा महेश अवाना, गिरजा सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता, गिरीश कोटनाला, मंत्री एस पी चमोली, प्रमोद बहल, अमरीश त्यागी, चमन अवाना, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, विनोद आदि लोग मौजूद रहे।

# सपा नोएडा महानगर ने धूमधाम से मनाई अहिल्याबाई होल्कर की 297वीं जयंती

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** सेक्टर नौ स्थित समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर कार्यालय पर सपा नोएडा महानगर अध्यक्ष दीपक विग की अध्यक्षता में भारतीय इतिहास के प्रसिद्ध शासक राजमाता अहिल्याबाई होलकर जी की 297वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई, सभी लोगों ने उनकी



तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की, इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष दीपक विंग ने कहा की अहिल्याबाई होलकर का महिलाओं को शिक्षित बनाने में महत्वपूर्ण योगदान है, अहिल्या राजमाता ने अपने शासक में हमेशा सभी की भलाई के लिए कार्य किया, उन्होंने जून माह में शुरू हो रहे सदस्यता अभियान के लिए भी सभी नेताओं कार्यकर्ताओं को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए कहा, व ज्यादा से ज्यादा लोगों को समाजवादी पार्टी में जोड़ने के लिए कहा, वहीं सपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर हमेशा से ही अपने साम्राज्य को आक्रमणकारियों से बचाने की कोशिश करती रही वह खुद सेना में शामिल होकर युद्ध करती थी उन्होंने बहुत धर्मशालाएं बनवाएं सभी धर्मशालाएं उन्होंने मुक्ति प्रस्थान जैसे गुजरात के द्वारका काशी विश्वनाथ बनारस का गंगा घाट उज्जैन नासिक और बैजनाथ के पास बनवाई, मंच का संचालन मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता गौरव कुमार यादव ने किया सभा में उपस्थित महानगर उपाध्यक्ष शकील सैफी व गौरव चाचरा ने भी सभा को संबोधित किया, उपस्थित मुख्य लोगों में दीपक विग, सुनील चौधरी, शकील सैफी, गौरव चाचरा, गौरव कुमार यादव,मुनन आलम, कौशल्या भट्ट, शहजाद, निर अवाना, विपुल जौहरी, रितेश दुग्गल, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# राशिफल

**मेष-**:एक समय पर कई कार्य एकसाथ करने की चेष्टा के बजाय एक ही कार्य हाथ में लें। मित्र द्वारा छला गया व अकारण ही आहत महसूस कर सकते हैं। आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ें।

**वृष-**:जीवन में सुख व सौहार्द रहेगा। आत्मविश्वास से परिपूर्ण व ऊर्जावान रहेंगे। तनाव लिए बगैर सफलता प्राप्त करेंगे। रचनात्मक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन-**:परिवार व प्रियजनों संग सुखद समय बिताएंगे। अर्थपूर्ण संबंध व खास अवसर निर्मित होंगे। अभिरुचि की गतिविधियों में भाग लेंगे व विश्राम से स्वयं को तरोताजा करेंगे।

**कर्क-**:विकल्प मौजूद होने पर आप अधीर हो सकते हैं,कोई भी निणन्य लेने से पहले प्राथमिकताओं पर ध्यान दें। विनोदप्रिय रवैया कठिन परिस्थितियों से निकलने में मदद करेगा।

**सिंह-**:धैर्य, परिश्रम व चतुराई से व्यावसायिक व वित्तीय मामलों का प्रबंधन करेंगे। प्राकृतिक व वैकल्पिक चिकित्सा से आपकी व परिवार की स्वास्थ्य समस्याएं हल हो सकती हैं।

**कन्या-**:स्वास्थ्य व व्यावसायिक मामलों में सुधार होगा। व्यावसायिक व निजी जीवन में कुछ अप्रत्याशित घटनाक्रम घटित हो सकते हैं। भाग्य आपके साथ है। व्यावसाय में तेजी आएगी।

**तुला-**:खानपान, काम, व विश्राम में संतुलन बिठाने की आवश्यकता है। कार्यस्थल पर परिवर्तनों के बावजूद प्रतिष्ठा कायम रखेंगे। वित्तीय व संपत्ति से जुड़े मामले थोड़े से प्रयास से हल होंगे।

**वृश्चिक-**:अंतर्द्वंद्व महसूस करेंगे। कई भावनात्मक व व्यावसायिक निणन्य लेने पड़ सकते हैं। जब कई विकल्प मौजूद हों तो अत्यधिक विश्लेषण के बजाय त्वरित निणन्य सफलता की ओर ले जाएंगे।

**धनु-**:अपने भीतर छिपी क्षमताओं का साक्षात्कार करेंगे। धैर्य, सतत प्रयासों व सकारात्मक ऊर्जा के साथ जड़ता व विरोध का सामना करें। विभिन्न गतिविधियों में व्यस्तता के मध्य सुरक्षा का भाव हृदय में रहे

**मकर-**:पूरी ऊर्जा के साथ योजनाओं पर अमल आरंभ करेंगे। अक्सर कार्यव्यवहार में आप चरम पर पहुंच जाते है, किसी भी प्रकार के अतिरेक से बचें। बाधक परिस्थितियों से निराश होने के बजाय उनपर जीत का प्रयास

**कुंभ-**:नए अवसर प्रस्तुत होंगे व व्यावसायिक मामलों को कुशलता से हल करेंगे। व्यावसायिक बैठक में अपनी बेहतरीन योजनाओं व विचारों से लोगों को प्रभावित करेंगे।

**मीन-**:संबंधों में समझदारी व वित्तीय लेनदेन में सजगता अपेक्षित है। अपनी भावनाओं, विचारों व योजनाओं को ईर्ष्यालु लोगों से सुरक्षित रखें, वे उन्हें नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# ओवरलोडिंग करने वालों पर की जाए बड़ी कार्रवाई

**मिर्जापुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने जिला खनिज फाउंडेश न्यास के गठन एवं उसके उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। बताया कि न्यास को प्राप्त होने वाली धनराशि का उद्देश्य खनिज संक्रियाओं या अन्य क्रियाकलापों एवं खनिज परिवहन से प्रभावित व्यक्तियों एवं क्षेत्रों के हित के लिए उपयोग करना है। बताया कि न्यास में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष 60 प्रतिशत धनराशि उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में व 40 प्रतिशत धनराशि अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में व्यय किये जाने का प्राविधान हैं। जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित किया कि बुकलेट में उल्लिखित प्रस्तावों को प्रशासनिक कार्य को छोड़कर अन्य कार्यों की सूची सांसद गण एवं विधायक गण को उपलब्ध कराएं। उनके द्वारा भी कार्यों का प्रस्ताव प्राप्त कर अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि ओवरलोडिंग से खनन क्षेत्र की सड़कों का काफी नुकसान होता है, अतएव ओवरलोडिंग के विरुद्ध अनवरत अभियान चलाएं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि खनन क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य कैम्प का भी आयोजन किया जाय। खनन क्षेत्रों में पौधरोपण के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी पीएस त्रिपाठी, जिला खनन अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव सिंघल सहित समिति के सदस्य व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# पुलिस उप महानिरीक्षक पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र जनपद के पुलिस अधिकारी द्वारा भावभीनी विदाई दी गई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**(सोनभद्र)।** पुलिस लाइन चुर्क, जनपद सोनभद्र में पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह के परिक्षेत्र अयोध्या स्थानान्तरण पर जनपदीय पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा भावभीनी विदाई दी गयी । इस दौरान उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा पुलिस उप महानिरीक्षक के सराहनीय कार्यकाल एवं विभागीय मार्गदर्शन की प्रशंसा की गयी तथा इस सम्बंध में अपने विचार व्यक्त किये गये इसके साथ ही समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा पुलिस उप महानिरीक्षक को फूलमाला पहनाते हुए उनको सफल कार्यकाल हेतु उन्हें बधाई दी गयी तथा सोनभद्र पुलिस परिवार के तरफ से उन्हें आगामी कार्यकाल हेतु ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया । इस मौके पर पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया । अवगत कराना है अमरेन्द्र प्रसाद सिंह सिंह दिसम्बर 2020 से पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र के पद पर नियुक्त थे तथा जनपद में अपने कार्यकाल के दौरान ही पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर प्रोनन्त हुए थे जिनके कुशल मार्गदर्शन एवं सराहनीय कार्यकाल में जनपदीय पुलिस का कार्य उच्च कोटि का रहा । इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विनोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन विजय शंकर मिश्र, समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना/चौकी प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, उ0नि0 गोपनीय अच्छेलाल सहित पुलिस कार्यालय एवं पुलिस लाइन के समस्त शाखा प्रभारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे ।



# चोरी के प्रकरण में दो अभियुक्तों कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**(सोनभद्र)।** थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा एनसीएल दुधीचुआ परियोजना में चोरी के दौरान 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1. संतोष यादव पुत्र औजदार यादव, निवासी बलारपुर थाना सकलडीहा, जनपद चन्दौली 2. विपिन यादव पुत्र हरिश्चन्द्र यादव, निवासी बस स्टैण्ड, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त के सम्बंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-87/2022 धारा 379, 411, 413, 414 भादवि व 3(2) लो0स0क्ष0नि0अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायलय भेजा गया **गिरफ्तार अभियुक्तगण-** 1. संतोष यादव पुत्र औजदार यादव निवासी बलारपुर थाना सकलडीहा, जनपद चन्दौली । 2. विपिन यादव पुत्र हरिश्चन्द्र यादव निवासी बस स्टैण्ड, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र ।



# संदिग्ध परिस्थितियों में जंगल में मिली घायल युवती क्षेत्र में सनसनी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरि**

**डाला (सोनभद्र)।** चोपन थाना क्षेत्र के जवारीडाड़ से एक किलोमीटर पिछे के जंगल में आज शनिवार की सुबह साढे 6.30 बजे खून से लथपथ अर्ध नगन्न अवस्था में एक महिला मिलने से हडकम्प मच गई। युवती को पीआरबी 112 पुलिस ने एम्बुलेंस से चोपन अस्पताल ले जाया गया जहां गंभीर हालत होने पर प्राथमिक उपचार के दौरान जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटनाक्रम की जानकारी होते ही चोपन,व डाला, एसओजी मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का जायजा लेकर मामले की छानबीन में जुट गई। चोपन थाना प्रभारी के के सिंह के मुताबिक महिला ने बताया की कुछ युवक उसे जबरदस्ती स्कूटी पर बैठाकर जंगल में लेकर चले गए। उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर बुरी तरह से पीट दिया। जिससे उसका जबड़ा टूट गया। उसके कपड़े भी फाड़ दिए। उसके बाद आरोपित मौके से भाग निकले। चोपन पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना प्रभारी ने बताया की महिला का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। आरोपितों की तलाश के लिए पुलिस कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।



# डी ए वी पब्लिक स्कूल खडिया में आज श्री भोला सिंह अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एन सी एल सिंगरौली के कर कमलों द्वारा नव निर्मित भवन किंडरगार्टन मिनी मिरेकल का उद्घाटन हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अश्विनी कुमार ठाकुर**

**शक्तिनगर (सोनभद्र)।** डी ए वी पब्लिक स्कूल खडिया में आज श्री भोला सिंह अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एन सी एल सिंगरौली के कर कमलों द्वारा नव निर्मित भवन किंडरगार्टन मिनी मिरेकल का उद्घाटन हुआ सर्व प्रथम मंत्रोच्चारण के साथ श्री राजीव कुमार जी एम् खड़िया परियोजना ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर मुख्य अतिथि का स्वागत अभिनन्दन किया तथा कक्षा बारहवी की छात्राओं ने रोली तिलक लगा कर सभी गणमान्य लोगो का श्रद्धावंदन किया बंद बाजा एवं मंत्रोचारण के साथ मुख्य अतिथि महोदय द्वारा नव निर्मित भवन का लोकार्पण नारियल समर्पण, एवं फीता काट कर संपनन्न किया गया स्कूल के नन्हे मुनन्हे बालकों ने अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एन सी एल सिंगरौली को फूल भेंट किया और मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों को चोकोलेट प्रदान किया आप आये जो दर पे हमारे, वंदन हम करते चन्दन लगाते दर पे बिछे हैं सितारे, गीत के माध्यम से विद्यालय की छात्राओं ने मुख्य अतिथि सहित सभी का मनोहारी हार्दिक स्वागत वंदन एवं अभिनन्दन किया तदुपरान्त श्री राजीव कुमार जी एम् - एल एम् सी चेयरमैन खड़िया परियोजना ने मुख्य अतिथि सहित डॉ अनिंद्य सिन्हा (डायरेक्टर टेकिन्कल एवं पर्सनल ) श्री चार्ल्स जुस्टर (जी एम् कार्मिक एन सी एल सिंगरौली), यूनियन लीडर एवं जे सी सी सदस्य बी एम् एस श्री मनोज सिंह, सी एम् एस -श्री अजय कुमार, आर सी एस एस श्री बी एस बिष्ट, एच एम् एस -श्री अशोक पाण्डेय एवं सी एम् ओ ए आई - श्री सर्वेश सिंह का स्वागत करते हुए बताया कि विद्यालय पठन पाठन एवं पाठ्य सहगामी क्रियाओं में निरंतर विकास कर रहा है साथ ही साथ इस बात पर विशेष जोर देते हुए कहा कि एन सी सी की उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मान्यता तथा सी बी एस ई बोर्ड में ऋषिका पाण्डेय पुत्री प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पाण्डेय के अंग्रेजी विषय में शत प्रतिशत पाने में तथा अन्य उपलब्धि प्राप्त छात्र इसके परिचायक हैं डॉ अनिंद्य सिन्हा (डायरेक्टर टेकिन्कल एवं पर्सनल ) ने अपने संबोधन के दौरान छात्रों से खेलकूद एवं अलग अलग पठन पाठन के क्षेत्रों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की प्रेरणा दी तदुपरान्त श्री भोला सिंह अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एन सी एल सिंगरौली ने अपने संबोधन के दौरान छात्रों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप विद्यालयी संशाधनों का भरपूर प्रयोग कर जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता हासिल करें उन्होंने कहा कि शिक्षा के बदलते परिवेश में स्वयं को बदलना होगा अनवरत् परिश्रम के माध्यम से हम निसंदेह भाग्य की रेखाओं को बदल सकते हैं हम जैसा सोचेंगे वैसा ही बनेगें इस लिए उचाई की बुलंदियों को पाने हेतु उच्च सोच आवश्यक है उन्होंने इस बात पर भी विशेष जोर दिया कि विज्ञान के साथ साथ साहित्य को भी हम अपना सपना बनायें कार्यक्रम समापन पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पाण्डेय ने मुख्य अतिथि सहित सभी को शाल एवं श्री फल प्रदान कर आभार प्रस्तुत किया तथा मुख्य अतिथि महोदय को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हम आप के दिशा निर्देशन में अपने शिक्षकों के साथ छात्रों हेतु सभी प्रकार की उपलब्धियों को पाने हेतु सतत प्रयतन्शील रहते हुए उसे अवश्य साकार करेंगे कार्यक्रम सफल तथा सराहनीय रहा ।



# सन्दिगध परिस्थितियों में फ्लाइओवोर पर मिला व्यक्ति का शव..............

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के फ्लाईओवर के ऊपर बीतो रात संदिग्धा परिस्थितियों में 28 वर्षीय युवक की हत्या कर शव फेंकने के मामले में परिजनों में मचा हड़कंप।सादर कोतवाली क्षेत्र के रेलवे क्रॉसिंग वार्ड 16 निवासी युवक की हुई हत्या पनन्नूगंज थाना क्षेत्र के चतरा बाजार में शादी समारोह में युवक गया था निमंत्रण देर रात कोतवाली के समीप ऊपर फ्लाईओवर पर शव मिलने की मिली सूचना पेट में लंबे कटवा दाहिने पैर में कटने का निशान परिजनों ने जाहिर की हत्या की आशंका पुलिस ने नहीं ली तहरीर जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के रेलवे क्रॉसिंग वार्ड 16 निवासी देवेंद्र अवस्थी 28 वर्षीय पुत्र राजेश अवस्थी जो मंगलवार देर शाम निमंत्रण के लिए घर से पन्नू गंज थाना क्षेत्र के चतर मार्केट के लिए निकले थे देर रात कोतवाली क्षेत्र के ऊपर फ्लाईओवर पर कई चोट के निशान के साथ मृत अवस्था में पाए गए जिस पर परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की वहीं पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया कस्बा चौकी इंचार्ज संजय सिंह ने बताया कि मंगलवार देर रात 10:00 बजे लगभग फ्लाईओवर पर एक अज्ञात फोन के माध्यम से सूचना मिली थी कि युवक पड़ा हुआ है जिस पर मौके पर पुलिस पहुंची और युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया वही अज्ञात युवक की खोजबीन शुरू कर दी गई सुबह तक पता चला कि वह रेलवे क्रॉसिंग वार्ड 16 देवेंद्र अवस्थी के नाम से युवक की पहचान हुई वही दो भाइयों में बड़ा भाई था परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है अभी तक एप्लीकेशन न मिलने पर मामला दर्ज नहीं किया गया है हालांकि पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है पीएम रिपोर्ट आने के बाद संबंधित मामले में कार्रवाई की जाएगी।




# 30लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्तों कि हुई गिरफ्तारी..............

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**(सोनभद्र)।** पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनपद में अवैध शराब बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना ओबरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दो नफर अभियुक्तगण 01. कल्लू पुत्र लालजी 02. राहुल पुत्र नारायण निवासीगण सेक्टर नं0- 10 शान्तिनगर कॉलोनी,थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र के कब्जे से 15-15 लीटर (कुल 30 लीटर) अवैध कच्ची शराब बरामद कर उक्त के सम्बन्ध में थाना ओबरा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गयी । **अभियुक्तगण का विवरण** 1. कल्लू पुत्र लालजी,निवासी सेक्टन नं0- 10 शान्तिनगर कॉलोनी, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र । 2. राहुल पुत्र नारायण, निवासी सेक्टन नं0- 10 शान्तिनगर कॉलोनी, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र **बरामदगी का विवरण-** कुल 30 लीटर अवैध कच्ची शराब ।

# दोषी दंपतियों को 5-5 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** साढ़े चार वर्ष पूर्व हुए आपराधिक मानव वध के प्रयास मामले में अपर सत्र



न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-3 सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी दम्पतियों कौशिल्या व कमलेश को 5-5 वर्ष की कैद एवं 5-5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 2-2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रायपुर थाना क्षेत्र के चौखड़ा गांव निवासिनी रेखा कुमारी मोदनवाल पुत्री गोपाल मोदनवाल ने 9 नवंबर 2017 को रायपुर थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसके चाचा कमलेश मोदनवाल की लड़की बतासा कुमारी द्वारा 20 हजार रुपये लेने को लेकर उसकी मां श्यामा देवी के पूछने पर उसके चाचा कमलेश मोदनवाल, चाची कौशिल्या, बेटी बतासा व बेटा मोनू द्वारा उसकी मां श्यामा देवी को कुदाल, लोहे की फुकनी एवं लात मुक्का से मारापीटा गया। जिसकी वजह से मां के दाहिने आंख के ऊपर गंभीर चोटें आई और वे बेहोश हो गई। मां के सर व मुंह से काफी खून बह रहा था। जिसे दवा-इलाज के लिए एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। उधर अभियुक्तों ने गाली देते हुए कहीं शिकायत करने पर जान मारने की धमकी दिया। इस तहरीर पर रायपुर पुलिस ने कौशिल्या, कमलेश, बतासा व मोनू के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया था। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में कौशिल्या व कमलेश के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी कौशिल्या व कमलेश को 5-5 वर्ष की कैद एवं 5-5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।


## कन्नौज की प्रियंका यादव से होगी 38 लाख 99 हजार की वसूली

**मीरजापुर ।** लंदन में रहने वाली प्रियंका के नाम पर नौकरी कर रही प्रियंका यादव से अब 39 लाख की वसूली होगी। संयुक्त शिक्षा निदेशक विंध्याचल मंडल कामता राम पाल ने इस बाबत आदेश जारी किया है। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने 28 अगस्त 2015 से अगस्त 2021 तक वेतन के रूप में सरकारी धनराशि 38 लाख 99 हजार 84 रुपये वसूलने का निर्देश दिया है। बीते 13 मई को आरोपित की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई थी। मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक मीरजापुर मंडल कामता राम पाल एवं गठित त्रिस्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट पर अपर शिक्षा निदेशक डा. अंजना गोयल ने कार्रवाई की।लंदन में रहने वाली प्रियंका (वास्तविक पुत्री मनोज कुमार प्रजापति चक्रवर्ती पता रामकृष्ण नगर गुरसहायगंज कननैज, हाल पता बालाजी नगर तिरवा रोड, नजसरापुर कननैज) के शैक्षिक अभिलेख पर मीरजापुर के पहाड़ी स्थित राजकीय बालिका हाईस्कूल भरपुरा में शिक्षक की नौकरी करने के प्रकरण का राजफाश बीते 24 फरवरी को हुआ था।

# डाला में शहीदों को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरि**

**डाला (सोनभद्र)।** स्थानीय डाला नगर पंचायत में स्थित शहीद स्मारक स्थल पर सांकेतिक चक्काजाम कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सूबे के तत्कालीन मुख्यमंत्री व सपा सुप्रीमो मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल में डाला गोलीकांड में मारे गए अमर शहीदों की 31वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को सैकड़ों लोगों ने वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर सांकेतिक चक्काजाम कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की वक्ताओं ने कहा कि यहां पर आज ही के दिन पुलिस की बर्बरता पूर्ण लाठीचार्ज व गोली से एक छात्र समेत नौ लोग शहीद हो गए थे उक्त सभी सीमेंट कर्मचारी हजारों लोगों के साथ उत्तर प्रदेश सीमेंट निगम की डाला चुनार चुर्क सीमेंट फैक्ट्री को प्राइवेट सेक्टर में सुबे की सरकार द्वारा बेचे जाने का विरोध कर रहे थे लिहाजा प्रदेश सरकार के इशारे पर पुलिस ने आंदोलनकारियों पर डाला की धरती में 31 वर्ष पूर्व लाठी डंडा समेत गोली चलवा कर उनके आंदोलन को कुचल दिया ।यह गोलीकांड प्रदेश ही नहीं अपितु केंद्र सरकार को भी हिला देने वाली घटना थी इस गोलीकांड की याद आते ही यहां के हजारों नगरवासियों के रोंगटे खड़े हो जाते है देश भर में अपने हक के लिए संघर्षरत वीरगति को प्राप्त हुए कर्मचारियों के इतिहास में डाला सीमेंट कर्मचारियों के अमर शहीदों का नाम आज भी बड़ी श्रद्धा व गौरव से लिया जाता है उन्हीं की याद में प्रत्येक वर्ष 2 जून को शहीदों की पुण्यतिथि नगर वासियों द्वारा मनाई जाती है हरि कीर्तन वह सुंदरकांड का हुआ पाठ शहीद छात्र राकेश तिवारी के बड़े भाई ओमप्रकाश तिवारी ने सुबह नौ बजे दिन से गगनभेदी मंत्रोचार के साथ पूजा प्रारंभ कराया शहीदों की याद में सुबह से हरि कीर्तन पाठ व शाम को सुंदरकांड पाठ किया गया। गोली कांड के समयानुसार तीन बजकर बीस मिनट पर दो मिनट का सांकेतिक जाम किया गया।



# ट्रेलर व ट्रक में टक्कर दो चालकों की मौत

**मीरजापुर ।** हलिया के ड्रमंडगंज घाटी में बुधवार की रात ब्रेक फेल से ट्रेलर अनियंत्रित होकर ट्रक से भिड़ गया। इससे दोनों वाहन पलट गए। हादसे में ट्रेलर व ट्रक



चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दोनों वाहन लोहे की पाइप व सीमेंट का चादर लादकर मीरजापुर आ रहे थे। इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मध्यप्रदेश से लोहे की पाइप की लादकर एक ट्रेलर मीरजापुर आ रहा था। बुधवार की देर रात 30 वर्षीय चालक कुलदीप सिंह निवासी टाटीबांध रायपुर जनपद छत्तीगढ़ से ट्रेलर लेकर मीरजापुर-रीवा मार्ग के ड्रमंडगंज घाटी पर पहुंचे तभी ब्रेक फेल हो गया, इससे ट्रेलर आगे चल रहे ट्रक में टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रेलर चालक कुलदीप सिंह की मौत हो गई। टक्कर लगने के बाद ट्रक भी पलट गया। इससे ट्रक चालक 32 वर्षीय रूद्र प्रताप पटेल निवासी ब्यौहरा थाना रामपुर मध्यप्रदेश घायल गए। ट्रेलर पलटने के बाद उसपर लदे लोहे की पाइप चेन टूटने से डाले से छिटककर सड़क किनारे खड़े एक अन्य ट्रक के 28 वर्षीय चालक गिरधर प्रसाद कोल निवासी खोपर मैना लालगंज के ऊपर गिरा जिसके नीचे दबने से गिरधर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाइप हटाकर उसे बाहर निकालकर पीएचसी हलिया ले गई। यहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने चालक गिरधर प्रसाद को मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस हादसे के कारण मार्ग पर यातायात कुछ समय के लिए बाधित हो गया। पुलिस ने सड़क पर बिखरे पाइप व वाहन को हटवाकर कर यातायात चालू कराया।

# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में डेरिल मिशेल ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में डेरिल मिशेल तीन मैचों में तीन शतक लगा चुके हैं। वो ऐसा करने वाले सिर्फ पांचवें कीवी खिलाड़ी हैं। इस सीरीज में वो 482 रन बना चुके हैं। इंग्लैंड के डेरिल मिशेल जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उन्होंने लगातार तीसरे मैच में शतक लगाया है। मिशेल ने सीरीज के तीसरे और आखिरी टेस्ट में 109 रन की पारी खेली। इसके साथ ही कई रिकॉर्ड के बाकी खिलाडि़यों ने मिशेल का साथ नहीं दिया और कीवी टीम ने शुरुआती दोनों मैच पांच विकेट से गंवा दिए। इसके साथ ही इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली। अब तीसरे मैच के नतीजे का सीरीज पर कोई असर नहीं होगा। तीसरे टेस्ट में मिशेल ने 213 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। हालांकि, इसके ठीक बाद ही वो आउट हो गए। स्पिन गेंदबाज जैक लीच की गेंद पर




अपने नाम कर लिए। वो इस सीरीज में 482 रन बना चुके हैं। 1949 में मार्टिन डोनली ने 462 रन बनाए थे और मिशेल ने उनसे 20 रन ज्यादा बनाकर उनका रिकॉर्ड तोड़ दिया। अभी भी दूसरी पारी में न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी बची हुई है और दूसरी पारी में भी मिशेल के पास रन बनाने का मौका रहेगा। मिशेल न्यूजीलैंड के पांचवें बल्लेबाज हैं, जिन्होंने तीन लगातार टेस्ट मैच में शतक लगाया है। लॉर्ड्स में पहले टेस्ट में उन्होंने 108 रन बनाए थे। इसके बाद ट्रेंट ब्रिज में दूसरे टेस्ट में उन्होंने 190 रन की पारी खेली और अब तीसरे मैच में भी उन्होंने 109 रन बनाए हैं। हालांकि, न्यूजीलैंड इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने उनका कैच पकड़ा। 78 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा मिशेल इंग्लैंड के खिलाफ किसी एक टेस्ट सीरीज में 400 प्लस रन बनाने वाले पिछले 73 सालों में न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज हैं। मिशेल ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में पांच पारियों में 480 से ज्यादा रन बना लिए हैं। इस दौरान उनका औसत 120 से भी ज्यादा का रहा है। वहीं, मिशेल का इस सीरीज में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर 190 रन का रहा है।मिशेल से पहले ऐसा 73 साल पहले यानी 1949 में न्यूजीलैंड के बर्ट सटक्लिफ ने किया था।

# सूर्यकुमार और सैमसन को प्लेइंग 11 में जगह मिलना तय, ओपनिंग के लिए त्रिपाठी-ऋतुराज में जंग


**नई दिल्ली।** इस सीरीज में टीम इंडिया से टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ी खेलते दिखाई नहीं देंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज में खेलने वाली टीम से ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर खेलते हुए नहीं दिखेंगे। भारत और आयरलैंड के बीच रविवार से दो टी-20 मैचों की सीरीज की शुरुआत होगी। इसके लिए टीम इंडिया डबलिन पहुंच चुकी है। दोनों नहीं दिखेंगे। ये सभी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच की तैयारियों में व्यस्त हैं। पंत और श्रेयस की जगह राहुल त्रिपाठी और संजू सैमसन को स्क्वॉड में शामिल किया गया है। कुल मिलाकर इंडिया की बी टीम आयरलैंड का दौरा कर रही है। ऐसे में कोच लक्ष्मण समेत टीम मैनेजमेंट के सामने प्लेइंग-11 को लेकर चुनौती होगी। पंत की जगह संजू सैमसन और श्रेयस की टी-20 में कुछ खास नहीं कर पाए थे। वह पांच मैचों की पांच पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगा पाए थे। ऋतुराज को राहुल त्रिपाठी से कड़ी चुनौती मिल सकती है। वहीं, ईशान किशन का टीम में चुना जाना तय है। मध्यक्रम में सूर्यकुमार के अलावा सैमसन, हार्दिक पांड्या और दिनेश कार्तिक पर जिम्मेदारी होगी। गेंदबाजी में रफ्तार के सौदागर उमरान मलिक



मुकाबले डबलिन के कासल एवेन्यू स्टेडियम में खेले जाएंगे। हार्दिक पांड्या टी-20 सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी करते दिखेंगे। वहीं, इस दौरे के लिए नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) के चीफ वीवीएस लक्ष्मण को हेड कोच बनाया गया है। इस सीरीज में टीम इंडिया से टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ी खेलते दिखाई नहीं देंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज में खेलने वाली टीम से ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर खेलते हुए नहीं दिखेंगे। वहीं, रोहित शर्मा, विराट कोहली, बुमराह, शमी जैसे खिलाड़ी भी आयरलैंड सीरीज में खेलते जगह सूर्यकुमार यादव का प्लेइंग-11 में आना लगभग तय माना जा रहा है सूर्यकुमार कलाई में चोट के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। इसी वजह से वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं खेले थे। वहीं, सैमसन को दीपक हुड्डा से चुनौती मिल सकती है। हुड्डा बल्लेबाजी के साथ-साथ स्पिन गेंदबाजी भी कर लेते हैं। इस सीरीज के साथ ही भारतीय टीम अक्तूबर-नवंबर में होने वाले टी-20 सीरीज की तैयारी भी शुरू कर देगी। इसके अलावा ऋतुराज गायकवाड़ को लेकर भी संशय बना हुआ है। ऋतुराज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ की प्लेइंग-11 में जगह अब भी तय नहीं मानी जा रही है। टीम मैनेजमेंट और कोच लक्ष्मण एकबार फिर भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान और हर्षल पटेल पर भरोसा जता सकते है। वहीं, स्पिन की जिम्मेदारी युजवेंद्र चहल और अक्षर पटेल पर होगी। खिलाड़ी इस सीरीज के जरिये इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह बनाना चाहेंगे। टीम इंडिया की संभावित प्लेइंग-11 ईशान किशन, ऋतुराज गायकवाड़/राहुल त्रिपाठी, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन/दीपक हुड्डा, हार्दिक पांड्या, दिनेश कार्तिक, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, युजवेन्द्र चहल, आवेश खान और हर्षल पटेल।

# मध्यप्रदेश का सातवां विकेट गिरा, रजत पाटीदार 122 रन बनाकर आउट

**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी के फाइनल मैच में मध्यप्रदेश की टीम मजबूत स्थिति में है। मुंबई के 374 रन के जवाब में मध्यप्रदेश ने पहली पारी में बढ़त बना ली। मैच में दो दिन का खेल बचा है। पहली पारी में बढ़त मिलने से मध्यप्रदेश की जीत लगभग तय हो चुकी है। रणजी ट्रॉफी 2021-22 का फाइनल मैच मुंबई और मध्यप्रदेश की टीम 133 और रजत पाटीदार ने 122 रन की पारी खेली। कप्तान आदित्य सूर्यवंशी 25 और अक्षत रघुवंशी नौ रन बनाकर आउट हुए। पर्थ शाहनी ने 11 रन बनाए। मुंबई के लिए तुषार देशपांडे ने तीन विकेट झटके। सम्स मुलानी और मोहित अवस्थी ने दो-दो विकेट लिए। सरफराज के शतक की बदौलत मुंबई का बड़ा स्कोर टॉस जीतकर खास कीर्तिमान इस मैच में सरफराज ने 243 गेंद पर 134 रनों की पारी खेली। उन्होंने 13 चौके और दो छक्के लगाए। सरफराज ने इस सीजन की आठ पारियों में 900 से ज्यादा रन बना लिए हैं। उन्होंने चार शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने सौराष्ट्र के खिलाफ 401 गेंद पर 275 रन की पारी खेली थी। मौजूदा सीजन



के बीच बेंगलुरु के एम चिननस्वामी स्टेडियम में खेला जा रहा है। आज मैच का चौथा दिन है और मध्यप्रदेश ने पहली पारी में 100 रन से ज्यादा की बढ़त बना ली है। इस मैच में मुंबई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 374 रन बनाए। इसके जवाब में मध्यप्रदेश 483 के स्कोर पर सातवां विकेट गंवा दिया। यश दुबे और शुभम शर्मा के बाद रजत पाटीदार ने भी शतक बनाकर आउट हो चुके हैं। अब सारांश जैन और अनुभव अग्रवाल क्रीज पर मौजूद हैं। मध्य प्रदेश के विकेटकीपर बल्लेबाज हिमांशू मंत्री 31 रन और शुभम शर्मा 116 रन बनाकर आउट हुए। यश दुबे ने पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई की टीम ने शानदार शुरुआत की। पृथ्वी शॉ और यशस्वी जायसवाल ने पहले विकेट के लिए 87 रन जोड़े। शॉ 47 रन बनाकर आउट हुए। यहां से मध्यप्रदेश ने मैच में थोड़ी वापसी की और नियमित अंतराल पर मुंबई के विकेट चटकाए। यशस्वी जायसवाल (78 रन) और सरफराज खान (134 रन) ने एक छोर संभालकर बल्लेबाजी की और अपनी टीम को 374 रन के स्कोर तक पहुंचा दिया। मध्य प्रदेश के लिए गौरव यादव ने चार विकेट लिए। सारांस जैन को दो, अनुभव अग्रवाल को तीन और कुमार कार्तिकेय को एक विकेट मिला। सरफराज खान का में सरफराज सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनके नाम 937 रन हैं। 1000 रन के आंकड़े को छूने के लिए सरफराज को दूसरी पारी में 63 रन बनाने होंगे। सरफराज रणजी इतिहास में तीसरे ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने दो अलग-अलग सीजन में 900 से ज्यादा रन बनाए हैं। सबसे पहले दिल्ली के अजय शर्मा ने यह रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने 1991-92 में 993 और 1996-97 में 1033 रन बनाए थे। उनके बाद वसीम जाफर का नंबर आता है। जाफर ने 2008-09 में मुंबई के लिए 1260 और 2018-19 में विदर्भ के लिए 1037 रन बनाए थे। सरफराज ने मुंबई के लिए 2019-20 में 928 और 2021-22 में 937 रन बनाए हैं।

# आउट होने के बाद अपने ही विकेट का जश्न मनाने लगे ऋषभ पंत, जडेजा को गले लगाया

**नई दिल्ली।** अभ्यास मैच में 76 रन की तेज तर्रार पारी खेलने के बाद पंत रवींद्र जडेजा की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद उन्होंने जडेजा को गले लगा लिया और बाकी खिलाडि़यों के साथ खुद के विकेट का जशन्‍ मनाने वजह से भारतीय खिलाड़ी एक दूसरे के खिलाफ खेल रहे हैं और अभ्यास मैच भी रोमांचक बना हुआ है। इस मैच में ऋषभ पंत ने 87 गेंद में 76 रन की अहम पारी खेली और रवींद्र जडेजा की गेंद पर आउट हुए। पंत ने जडेजा के साथ विकेट का जशन्‍ मनाने लगे। आउट होने के थोड़ी देर बाद तक पंत जशन्‍ मनाते रहे फिर पवेलियन लौटे। इस पारी में वो अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। भारत के पास 82 रन की बढ़तइस लीसेस्टरशायर की टीम 244 रन ही बना पाई। पंत ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए। ऋशी पटेल ने 34 और लुईस किंबर ने 31 रन की पारी खेली। भारत के लिए जडेजा और शमी ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि शार्दुल



लगे। इंग्लैंड के दौरे में भारतीय टीम को पहला टेस्ट एक जुलाई से खेलना है। इससे पहले टीम इंडिया लीसेस्टरशायर के खिलाफ अभ्यास मैच खेल रही है। इस अभ्यास मैच में भारत के चार खिलाड़ी लीसेस्टरशायर के खिलाफ खेल रहे हैं। ऋषभ पंत, मोहम्मद शमी, प्रसिद्ध कृष्णा और जसप्रीत बुमराह इस मैच में लीसेस्टरशायर का हिस्सा हैं। इसी की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए और गेंद सीधे मिड ऑन में खड़े फील्डर के पास चली गई। श्रेयस अय्यर ने उनका कैच पकड़ा। अपने ही विकेट का जशन्‍ मनाने लगे पंतआउट होने के बाद ऋषभ पंत अपने ही विकेट का जशन्‍ मनाने लगे। उन्होंने सबसे पहले रवींद्र जडेजा को गले लगाया। इसके बाद टीम के बाकी खिलाडियों मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। श्रीकर भरत के नाबाद 70 और कोहली, उमेश, रोहित के छुटपुट योगदान की बदौलत भारत ने 246 रन बनाकर अपनी पारी घोषित की। लीसेस्टरशायर के लिए रोमन वॉकर ने पांच विकेट लिए। डेविस के नाम दो और प्रसिद्ध कृष्णा के नाम एक विकेट रहा। इसके जवाब में ठाकुर और सिराज के नाम दो-दो विकेट रहे। दूसरी पारी में भारत ने एक विकेट के नुकसान पर 80 रन बना लिए हैं। श्रीकर भरत 31 और हनुमा विहारी नौ रन बनाकर मौजूद हैं। शुभमन गिल 38 रन बनाकर आउट हो चुके हैं। भारत के पास 82 रन की बढ़त है और मैच में तीन दिन का खेल बचा हुआ है।

# एजबेस्टन टेस्ट में कौन होगा भारत का विकेटकीपर भरत ने ठोका दावा, क्या ऋषभ पंत होंगे बाहर

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम इंग्लैंड के दौरे पर है। टीम इंडिया को वहां एक टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है। एक से पांच जुलाई तक होने वाला इकलौता टेस्ट पिछले साल खेली गई पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का हिस्सा होगा। तब पांचवां मुकाबला कोरोनावायरल महामारी के कारण नहीं हो सका था। टीम इंडिया सीरीज में 2-1 से आगे है। एजबेस्टन टेस्ट से पहले टीम इंडिया के सामने एक गंभीर चुनौती आ खड़ी हुई है। दरअसल, भारतीय टीम दौरे पर अपना पहला अभ्यास मैच लिसेस्टरशायर के खिलाफ खेल रही है। इस मैच में केएस भरत ने पहली पारी में नाबाद 70 रन बनाकर अपना दावा ठोक दिया। वहीं, लिसेस्टरशायर की ओर से खेलते हुए ऋषभ पंत ने 76 रन की पारी खेल दी। अब टीम इंडिया के सामने यह चुनौती है कि किस खिलाड़ी को बतौर विकेटकीपर मौका दे।अनुभव




के आधार पर ऋषभ पंत का ही पलड़ा भारी माना जा रहा है। उन्होंने अभ्यास मैच में भारतीय गेंदबाजों का बखूबी से सामना किया। पंत ने मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और शार्दुल ठाकुर की चौकड़ी का सामना डटकर किया। चारों गेंदबाज मिलकर भी उनका विकेट नहीं ले सके। पंत को रवींद्र जडेजा ने श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कराया। अपनी 87 गेंद की पारी में उन्होंने 14 चौके और एक छक्का लगाया। भरत की बात करें तो उनकी पारी भी पंत से किसी भी स्तर पर कम नहीं थी। यहां तक कि उन्होंने पंत से ज्यादा मुश्किलों का सामना किया। पहले दिन भारतीय विकेट लगातार गिर रहे थे। बारिश भी हो रही थी। परिस्थितियां गेंदबाजों के लिए अनुकूल थी। भरत ने पहले विराट कोहली और फिर उमेश यादव के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की। उन्होंने अपनी जुझारू पारी में 111 गेंदों का सामना किया। इस दौरान आठ चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने साबित कर दिया कि वह विदेशी मैदानों पर प्रतिकूल परिस्थितियों में भी लंबी पारी खेल सकते हैं। यह तय है कि रोहित शर्मा पंत को ही शामिल करेंगे। उनका रिकॉर्ड भी बेहतरीन रहा है। पंत ने इंग्लैंड में आठ टेस्ट मैचों की 15 पारियों में 353 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 23.53 का रहा है। पंत के नाम एक शतक और एक अर्धशतक भी है। उन्होंने इंग्लैंड में खेली गई अपनी पिछली पारी में 50 रन बनाए थे। ओवल में पहली पारी में नौ रन बनाने के बाद पंत ने दूसरी पारी में महत्वपूर्ण 50 रन ठोके थे। भरत को अब तक भारत के लिए खेलने का मौका नहीं मिला है। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। 79 मैचों में भरत ने 4289 रन बनाए हैं। 125 पारियों में उनका औसत 36.65 का रहा है। उनके नाम नौ शतक और 23 अर्धशतक हैं। आंध्रा के लिए खेलने वाले भरत ने विकेटकीपिंग में कमाल का प्रदर्शन किया है।


# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफल प्रशिक्षणर्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते यभी सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा विधार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः 30 जून 2022 है।
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपलबध है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज
सम्पर्क सूत्रः– 0532–2695959, 9415608710, 6386474074, 9415608790

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008- टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?

**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।
















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।








स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायो मे अगस्त 2021मे प्रारम्भ होने वाले सत्र मे प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कन्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्युनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया मे प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय मे सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

**visit us at : www.nainiiti.com**

प्रवेश कार्यालय :- तुल्सीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रवेश।

फोन करे :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274